दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार ,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471



अमन लेखनी



वज्र में विलेन की भूमिका निभाएंगे मोहित

एकतरफा नजरिया नहीं हो सकता

वर्ष : 12 अंक : 323 लखनऊ, 22 नवम्बर ,रविवार 2026 पृष्ठ : 08 मूल्य : 2.00 रुपए

हरिद्वार के चंडी घाट पर पंचतत्व में विलीन हुईं मां सावित्री देवी

छोटे बेटे महेंद्र मोहन बिष्ट ने वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक रीति-रिवाजों के बीच मुखाग्नि दी, अंतिम विदाई में मुख्यमंत्री योगी के छलक पड़े आंसू

डॉ. राजकुमार सिंह चौहान
प्रधान संपादक /लखनऊ,

उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ की मां सावित्री देवी शनिवार को हरिद्वार के चंडी घाट पर पंचतत्व में विलीन हो गईं। उनके छोटे बेटे महेंद्र मोहन बिष्ट ने वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक रीति-रिवाजों के बीच उन्हें मुखाग्नि दी। मां को अंतिम विदाई देने के दौरान सीएम योगी भावुक हो उठे। उन्होंने मां की अर्थी को कंधा दिया, चिता की परिक्रमा की और नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। सावित्री देवी की अंतिम यात्रा उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल जिले स्थित उनके पैतृक गांव पंचूर से हरिद्वार के लिए रवाना हुई थी। योगी भी मां के पार्थिव शरीर के साथ हरिद्वार पहुंचे। अंतिम यात्रा के दौरान उन्होंने घर से अर्थी को कंधा दिया और एंबुलेंस तक पहुंचाया। हरिद्वार के चंडी घाट पर भी उन्होंने अर्थी को कंधा देकर अपनी मां के प्रति अंतिम कर्तव्य निभाया। इस दौरान कई बार रुमाल से अपने आंसू पोंछते नजर आए। योगी ने उनके अंतिम दर्शन किए और पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वह कुछ देर तक मां के पास खड़े रहे और उन्हें एकटक निहारते रहे।



बेटे का निभाया फर्ज, योगी ने घर से अर्थी को कंधा दिया

योगी रातभर मां के पार्थिव शरीर के पास बैठे रहे



सीएम योगी रातभर मां के पार्थिव शरीर के पास बैठे रहे।उन्होंने अन्न-जल भी ग्रहण नहीं किया। उन्होंने परिजनों और मां की देखभाल करने वालों से अंतिम समय के बारे में भी जानकारी ली। चंडी घाट पर अंतिम संस्कार के दौरान उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के कई प्रमुख राजनीतिक और सामाजिक चेहरे मौजूद रहे। सीएम पुष्कर सिंह धामी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक, मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और संजय निषाद सहित 50 विशिष्ट लोग थे।

विभिन्न अखाड़ों के संत-महात्मा और साधु-संत भी रहे मौजूद

विभिन्न अखाड़ों के संत-महात्माओं और साधु-संतों की भी बड़ी मौजूदगी रही। 13 अखाड़ों के आचार्य और श्रीमहंतों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अंतिम संस्कार की धार्मिक रस्में संपन्न कराईं। परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष चिदानंद सरस्वती भी मौजूद रहे। देखरेख आचार्य बालकृष्ण कर रहे थे।

नेताओं ने जताया शोक

मौर्य ने योगी की मां के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जीवन में माता-पिता से बढ़कर कोई नहीं होता और मां का स्थान तो भगवान से भी ऊंचा है। यह अत्यंत दुखद है। इस क्षति को शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने भी कहा कि योगी आज जिस मुकाम पर पहुंचे हैं और उन्हें जो सम्मान मिला है, उसमें उनकी मां के आशीर्वाद की अहम भूमिका है।

मां जैसा कोई नहीं : योगी ने मां को कंधा देते हुए अपनी एक तस्वीर 'एक्स' पर साझा की। उन्होंने महाभारत के एक श्लोक के माध्यम से मां के महत्व को रेखांकित किया। श्लोक का भावार्थ है कि मां जैसी छाया, आश्रय, प्रेम और सुरक्षा देने वाला संसार में कोई दूसरा नहीं है।

उत्तर प्रदेश संक्षेप

कुर्ला के उद्यान में मारपीट, 8 हिरासत में



मुंबई। मुंबई के कुर्ला इलाके में एक सार्वजनिक उद्यान में नाबालिगों के एक समूह ने कथित तौर पर एक युवक और एक युवती की जमकर पिटाई कर दी। वीडियो प्रसारित होने के बाद पुलिस ने 8 नाबालिगों को हिरासत में लिया है। बताया जा रहा कि यह घटना कुर्ला पश्चिम में एक मॉल के पीछे स्थित प्रमोद महाजन उद्यान में हुई।

'गाजर का हलवा' खाने से 40 लोग बीमार



मुजफ्फरनगर। उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले में एक शादी समारोह में गाजर का हलवा खाने से कम से कम 40 लोग संदिग्ध खाद्य विषाक्तता के कारण बीमार पड़ गए। यह घटना बुढ़ाना थाना क्षेत्र के नगला गांव में हुई। शुक्रवार रात बीमार लोगों ने सिरदर्द, उल्टी और पेट दर्द की शिकायत की। उन्हें अस्पतालों में भर्ती कराया।

एलआईसी अब ब्याज समेत 1.10 लाख रुपए दे



बरेली। यहां जीवन बीमा पॉलिसी की परिपक्वता पर जमा प्रीमियम से कम रकम का भुगतान करना एलआईसी को भारी पड़ गया। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग प्रथम ने बीमा कंपनी को परिवादी की बकाया मूल धनराशि 1,10,315 रुपए 7 प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ अदा करने का आदेश दिया 25 हजार और खर्च भी देना होगा।

इंडसइंड बैंक ने पूर्व सीईओ की सेवाएं खत्म



नई दिल्ली। इंडसइंड बैंक ने अपने पूर्व प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुमंत कथपालिया की सेवाएं समाप्त कर दी हैं। यह कार्रवाई अनुशासनात्मक कार्रवाई के बाद की है। बैंक के बोर्ड ने 20 नवंबर को यह निर्णय लिया।

प्रधानमंत्री मोदी ने रिबन काटकर किया 'नीतीश सेतु' का उद्घाटन

यूपीए में घोटालों के आंकड़े आते थे...आज निवेश आ रहा, अपराधी बख्शे नहीं जा रहे



अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

उत्तर-दक्षिण बिहार के बीच आवागमन होगा आसान, स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा सहित अन्य जरूरी सुविधाओं का लाभ मिलेगा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को बिहार के वैशाली जिले में पहुंचकर गंगा नदी पर करीब 4,280 करोड़ की लागत से निर्मित कच्ची दरगाह-बिदुपुर छह-लेन पुल 'नीतीश सेतु' का उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने रिबन काटकर इस पुल को राष्ट्र को समर्पित किया। उद्घाटन के दौरान पुल के नीचे बड़ी संख्या में लोग प्रधानमंत्री की एक झलक पाने के लिए मौजूद थे। प्रधानमंत्री ने लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। यह एक्स्ट्राडोज्ड केबल-स्टे ब्रिज गंगा नदी पर बना है। 19.7 किलोमीटर लंबी इस परियोजना में 9.7 किलोमीटर लंबा मुख्य पुल और 10 किलोमीटर लंबी संपर्क सड़कें शामिल हैं। यह पुल पटना जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-22 पर स्थित कच्ची दरगाह को वैशाली जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-322 पर स्थित बिदुपुर से जोड़ता है। पीएम मोदी ने विपक्ष पर हमला किया और कहा कि एनडीए की सरकार के पहले बिहार में घोटालों और आपराधिक वारदातों के आंकड़े आते थे। आज निवेश और अपराधियों पर कार्रवाई के आंकड़े दिए जाते हैं।

कांग्रेस की गठबंधन सरकारों पर किया हमला

9.7
किलोमीटर लंबा मुख्य पुल
10 किलोमीटर लंबी संपर्क सड़कें
करीब 4,280 करोड़ की लागत



बिहार के आर्थिक विकास को भी गति मिलेगी

नीतीश सेतु के चालू होने से गंगा नदी पर आवागमन के लिए एक अतिरिक्त मार्ग उपलब्ध होगा। इससे महात्मा गांधी सेतु और जेपी सेतु पर यातायात का दबाव कम करने में मदद मिलेगी। उत्तर और दक्षिण बिहार के बीच यात्रा का समय भी घटेगा। इस पुल से विशेष रूप से राघोपुर दियारा के लोगों को लाभ मिलने की उम्मीद है। इससे बिहार के आर्थिक विकास को गति मिलेगी।

उद्घाटन से पहले पटना एयरपोर्ट पर पीएम मोदी और नीतीश मिले

प्रधानमंत्री ने पटना हवाई अड्डे पर पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की। पीएम मोदी ने नीतीश संग अपनी मुलाकात की तस्वीरें साझा की और कहा कि पटना नीतीश जी से मिलकर खुशी हुई।



नीतीश ने बिहार को बदहाली से बाहर निकाला


बिहार में जब डबल इंजन की सरकार नहीं थी तो राज्य की स्थिति बहुत खराब थी। गांवों में बिजली नहीं थी। नीतीशजी ने मेहनत करके बिहार को बदहाली से बाहर निकाला। अब सम्राट चौधरी उनके अभियान को अपनी टीम की मदद से आगे बढ़ा रहे हैं। बिहार में 43 लाख परिवारों को पक्के घरों की सौगात दी गई।

भाषण की प्रमुख बातें

- **बिहार में 43 लाख परिवारों को पक्के मकान मिले :** बिहार के 43 लाख परिवारों को पक्के मकान का उपहार दिया गया। ऐसे ही प्रयासों का नतीजा है कि बिहार का नाम देश में आगे आया है।
- **12 साल में 50 करोड़ परिवारों को गरीबी से बाहर निकाला :** एनडीए सरकार ने 12 सालों के कार्यकाल में 50 करोड़ परिवारों को गरीबी से बाहर निकाला और सम्मानपूर्ण जीवन दिया। आज वे आत्मविश्वास के साथ जीते हैं। इसमें बिहार का बहुत बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार से पहले कांग्रेस की सरकारें जनता को आश्वासन देती रहीं।
- **एनडीए सरकार ने गांव गांव में बिजली पहुंचाया :** एक समय था जब बिहार के गांवों में बिजली की सुविधा नहीं थी। आज बिहार बिजली उत्पादन का केंद्र बनता जा रहा है। एनडीए सरकार ने राज्य के गांव-गांव तक बिजली पहुंचा दिया है। राज्य ने विकास की एक लंबी यात्रा तय की है।
- **बिहार के नौजवानों को विकास की समझ :** बिहार के नौजवानों को विकास की सही समझ है। यही वजह है कि आज के इस कार्यक्रम में उनकी भागीदारी बहुत अच्छी है।
- **रामविलास पासवान का सपना साकार हुआ :** वैशाली की सभा में कहा कि दिवंगत रामविलास पासवान का सपना आज नीतीश सेतु के रूप में साकार हुआ है।

लखनऊ में कौशल दीक्षांत समारोह

प्रधानमंत्री ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 5वें कौशल दीक्षांत समारोह को संबोधित किया



'हुनरमंद युवा' ही विकसित भारत की सबसे बड़ी ताकत

अमन लेखनी समाचार/ लखनऊ,

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प में युवाओं के कौशल, सामर्थ्य और प्रतिभा की महत्वपूर्ण भूमिका है। कौशल विकास केवल रोजगार पाने का माध्यम नहीं, बल्कि देश की आर्थिक प्रगति और आत्मनिर्भरता का मजबूत आधार है। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 5वें राष्ट्रीय कौशल दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कौशल विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवाओं को बधाई दी। समारोह में आईटीआई, नेशनल स्किल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट और इंस्टीट्यूट फॉर ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स के 52 राष्ट्रीय स्तर के टॉपर्स को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि चाहे आईआईटी हो या आईटीआई, दोनों ही देश की अमानत, सामर्थ्य और भविष्य हैं। भारत के युवाओं में अपार प्रतिभा है।

कौशल विकास को सम्मान दें

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की असली पूंजी उसके हुनरमंद युवा हैं। कौशल और व्यावसायिक प्रशिक्षण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ देश की आर्थिक ताकत बढ़ाने का माध्यम हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि कौशल विकास को सम्मान और पहचान देना समय की जरूरत है। आईटीआई जैसे संस्थानों से प्रशिक्षित युवा अपनी प्रतिभा और परिश्रम से देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

अब देश में स्किल के दिन आएंगे

प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने देशवासियों से सोना कम खरीदने की अपील की थी, जिसे लोगों ने स्वीकार किया। इससे लोगों के पैसे भी बचे और देशहित में भी सकारात्मक योगदान मिला। उन्होंने कहा कि अब समय कौशल विकास को प्राथमिकता देने का है। आने वाले दिनों में हुनर, तकनीकी दक्षता और स्किल आधारित रोजगार की अहमियत तेजी से बढ़ेगी। युवाओं को अपने कौशल को निखारकर नए अवसरों के लिए तैयार रहना चाहिए।कार्यक्रम में सीएम योगी आदित्यनाथ, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी सहित कई गणमान्य भी थे।

भाजपा सांसद दुबे का सवाल

विदेशी नागरिक फिर भी सोनिया बनी मारुति की एमडी, 50% शेयरहोल्डर

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने सीपीपी की अध्यक्ष सोनिया गांधी की किताब को लेकर सवाल उठाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि विदेशी नागरिक होने के बावजूद सोनिया की भारतीय कंपनी में हिस्सेदार थी और 1970 में उनके नाम पर जमीन भी आवंटित हुई थी। दुबे ने 'एक्स' पर पोस्ट में लिखा, 'कांग्रेस का काला अध्याय, चैप्टर- 250।' उन्होंने लिखा, क्या आपको पता है कि विदेशी नागरिक होने के बावजूद सोनिया मारुति की मैनेजिंग डायरेक्टर और 50 प्रतिशत की हिस्सेदार थीं?दुबे ने कहा, 21 नवंबर 1970 संजय गांधी ने सोनिया की मारुति टेक्निकल सर्विस प्राइवेट लिमिटेड के साथ समझौता किया। कंपनी की असली मालकिन सोनिया थीं। कंपनी 1970 में बनी और कार बनाने का पत्र भारत सरकार को 1968 में ही मिला।

बेंगलुरु में सनसनीखेज वारदात

अवैध संबंध के शक में पत्नी की हत्या और शव को कचरे में फेंका

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



यहां अवैध संबंध के शक में पति ने अपनी 34 वर्षीय पत्नी सुजाता की गला रेतकर हत्या कर दी और शव को बोरी में भरकर पार्क के कचरे में छिपा दिया। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। जागरण की रिपोर्ट के अनुसार यह मामला 2 महीने से अधिक समय तक छिपा रहा और कंकाल मिलने के बाद सामने आया। आरोपी की पहचान 24-25 वर्षीय फैय्याज पाशा उर्फ काल्लू के रूप में हुई है। दोनों की शादी करीब पांच महीने पहले हुई थी और वे पार्क व बस स्टैंड के आसपास रहते थे। सुजाता के चाल-चलन और अवैध संबंध के शक में झगड़े होते थे। दो महीने से अशराफ पीने के बाद हुए विवाद में आरोपी ने चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी। शव को बोरी में भरकर कोडिगेहल्ली के गुंडांजनेय मंदिर पार्क के कोने में कचरे में छिप दिया।

सुप्रीम कोर्ट के जज के लिए की गई थी तैयारी

सहारनपुर का वाकया, पुलिस महकमे में मचा हड़कंप

यूपी पुलिस ने गलती से ओवैसी को ही दे दिया गार्ड ऑफ ऑनर

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में शनिवार को एक बड़ी चूक यूपी पुलिस की फजीहत की वजह बन गई है। दरअसल एआईएमआईएम के चीफ असदुद्दीन ओवैसी चंद्रशेखर आजाद की पार्टी से गठबंधन के बाद पहली बार जिले में आए थे। यहां पुलिसकर्मियों की नासमझी ने उन्हें गॉड ऑफ ऑनर दे दिया। जिले के सर्किट हाउस में एक जज आने वाले थे, यह सलामी उन्हें दी जानी थी, लेकिन वहां मौजूद पुलिसकर्मी गलतफहमी के शिकार हो गए और ओवैसी को ही जज समझ लिया। मामले के सामने आने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। ओवैसी शनिवार को काफिले के साथ सर्किट हाउस पहुंचे।

मामले की जांच के आदेश दिए

उधर, सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति के आने का कार्यक्रम टल गया। घटना का पता चलते ही एसएसपी अभिनंदन ने प्रोटोकाल चूक के मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के आदेश दिए हैं। एसएसपी ने मामले की जांच पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मयंक पाठक को सौंपी है। है कि यह गार्ड ऑफ ऑनर सुप्रीम कोर्ट के एक जज को दिया जाना था।

पालतू कुत्ते की बेरहमी से हत्या कर चकरोड किनारे फेंका, थाने में दी तहरीर

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के सुरगौला गांव में एक पालतू कुत्ते की बेरहमी से हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। करीब दो साल से परिवार के साथ रह रहे कुत्ते की मौत से परिजनों के साथ ही मोहल्ले के लोग भी दुखी हैं। पीड़ित ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। रहीमाबाद के सुरगौला निवासी अधिवक्ता रिलेश यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके घर के बाहर करीब दो वर्षों से एक कुत्ता रहता था। उसका स्वभाव बेहद सरल और शांत था। परिवार के लोग उसे नियमित रूप से खाना देते थे। मोहल्ले के लोग भी उसे जैकी नाम से पुकारते थे और उससे काफी लगाव रखते थे। आरोप है कि शुक्रवार को किसी अज्ञात व्यक्ति ने जैकी की बेरहमी से हत्या कर दी और उसके शव को उनके बाग के पास बनी चकरोड पर फेंक दिया। घटना की जानकारी होने पर परिवार के लोगों ने कुत्ते का शव उठवाकर अपने ही बाग में अंतिम संस्कार कर दिया। पीड़ित ने पुलिस से अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

बारातियों की वैन और कार में भीषण भिड़ंत, मां-बेटी समेत तीन की मौत

चार घायल ट्रॉमा सेंटर में भर्ती, हादसे के बाद कार सवार फरार; एक ही परिवार में दो मौतों से मचा कोहराम

अमन लेखनी समाचार


मृतका प्रिया फाइल फोटो | अमित उर्फ रामजी | मृतका माया देवी

लखनऊ। शादी समारोह की खुशियां उस समय मातम में बदल गईं, जब घर लौट रहे बारातियों की वैन की सामने से आ रही तेज रफ्तार होंडा सिटी कार से जोरदार भिड़ंत हो गई। भीषण टक्कर में वैन के उड़े परखच्चे उड़ गए। हादसे में वैन चालक समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हो गए। घायलों का ट्रॉमा सेंटर में इलाज चल रहा है। हादसे के बाद कार सवार मौके से फरार हो गए। पुलिस उनकी तलाश में जुटी है।

हादसा शुक्रवार देर रात करीब डेढ़ बजे मलिहाबाद थाना क्षेत्र के मोहान-मलिहाबाद रोड पर पुरवा गांव के पास हुआ। उन्नाव के हसनगंज के कोईया मदारपुर गांव निवासी छंगा जाटव के बेटे विकास की बारात रहीमाबाद के दौलतपुर गांव निवासी खंजन लाल के घर आई थी। शादी की रस्में पूरी होने के बाद रात करीब एक बजे कुछ रिश्तेदार वैन से घर लौट रहे थे। इसी दौरान पुरवा गांव के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार होंडा सिटी कार अनियंत्रित होकर वैन से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। धमाके की आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू करते हुए पुलिस को सूचना दी। वैन में सवार आशिक ने आरोप लगाया कि होंडा सिटी में तेज सफेद लाइट लगी थी। इसकी रोशनी के कारण सामने का रास्ता ठीक से दिखाई नहीं दे रहा था। कार तेज रफ्तार में आ रही थी और सीधे वैन से भिड़ंत हो गई। हादसे की असली वजह पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट होगी।

सूचना पर एसीपी मलिहाबाद ज्ञानेंद्र सिंह और इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। हादसे में वैन चालक अमित कुमार उर्फ रामजी (25) निवासी ऊंचाद्वार, हसनगंज और रहीमाबाद के लोधई गांव निवासी सर्वेश की छोटी बेटी प्रियांशी उर्फ प्रिया (10) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, गंभीर रूप से घायल सर्वेश की पत्नी मायादेवी (33) ने ट्रॉमा सेंटर में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे में सर्वेश की बड़ी बेटी दीपांशी (16), आशिक (16), आनंद और माल क्षेत्र के गौरैया गांव निवासी सरोज कुमारी (30) घायल हो गईं। सभी को इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर भेजा गया।

एक ही परिवार में दो मौतों से कोहराम

हादसे ने सर्वेश के परिवार को गहरा जख्म दिया है। पत्नी मायादेवी और छोटी बेटी प्रियांशी की मौत हो गई, जबकि बड़ी बेटी दीपांशी घायल है। एक ही परिवार में दो मौतों की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। उधर, वैन चालक अमित कुमार उर्फ रामजी चार भाइयों में सबसे छोटा और अविवाहित था। वह वैन चलाकर परिवार के भरण-पोषण में मदद करता था। उसकी मौत से मां देशपति और भाइयों दीपक, पिंटू व राजकुमार का रो-रोकर बुरा हाल है। मां ने बिलखते हुए कहा कि उन्हें क्या पता था कि यह बुकिंग बेटे की जिंदगी की आखिरी बुकिंग साबित होगी।

रुकने की सलाह के बावजूद लौट रहे थे घर

ग्रामीणों के मुताबिक, मायादेवी अपनी दोनों बेटियों के साथ शादी समारोह में शामिल होने लोधई गांव से आई थीं। वह बारात के साथ दौलतपुर गांव गई थीं। बताया गया कि सर्वेश बारात में ही रुक गए थे और उन्होंने पत्नी-बच्चों को भी रुकने के लिए कहा था, लेकिन वे वैन से घर लौट रहे थे। हादसे के बाद गांव में मातम पसरा है।

सीसीटीवी फुटेज से कार सवारों की तलाश

एसीपी मलिहाबाद ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि हादसे के बाद होंडा सिटी कार में सवार लोग मौके से फरार हो गए। पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार और वैन को कब्जे में ले लिया है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। कार के पंजीकरण नंबर के आधार पर उसके मालिक की पहचान कासगंज निवासी मोहम्मद सुहैल के रूप में हुई है।

रेलवे ट्रैक पार कर रहे किसान की चपेट में आने से मौत

अमन लेखनी समाचार


मृतक चिरंजू फाइल – फोटो

लखनऊ। खेत पर जाने के लिए रेलवे ट्रैक पार कर रहे किसान की शनिवार दोपहर मालगाड़ी की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

रहीमाबाद थाना क्षेत्र के कैथुलिया गांव निवासी चिरंजू (65) शनिवार दोपहर गांव के पास रेलवे ट्रैक पार कर अपने खेत जा रहे थे। इसी दौरान लखनऊ की ओर जा रही मालगाड़ी की चपेट में आ गए। ट्रेन की टक्कर इतनी जोरदार थी कि उनकी मौके पर ही मौत हो गई। स्टेशन मास्टर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान कर परिजनों को हादसे की जानकारी दी। मौत की खबर सुनते ही घर में कोहराम मच गया।

चिरंजू खेती-किसानी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके परिवार में दो बेटे पंकज और सतेंद्र और एक बेटी सुनीता है। परिवार के मुखिया की अचानक मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

घटना की जानकारी मिलने पर मलिहाबाद विधानसभा प्रत्याशी जगदीश रावत पीड़ित परिवार के घर पहुंचे। उन्होंने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए परिजनों को ढांढस बंधाया और सरकार की ओर से हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया।

तेज रफ्तार डीसीएम ने बाइक सवार मजदूर को मारी टक्कर, मौके पर मौत; चालक फरार

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में शनिवार शाम तेज रफ्तार डीसीएम की टक्कर से बाइक सवार मजदूर की मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक बंथरा के सादुल्ला नगर निवासी संजय रावत (33) मजदूरी करता था। शनिवार शाम संजय बाइक से किसी काम के लिए बंथरा के ही लतीफ नगर गांव गया था। जहां से वह शाम करीब 5:30 बजे वापस बनी - मोहान रोड होते हुए घर लौट रहा था। तभी लतीफ नगर और हरौनी के बीच अंबे मैरिज लॉन के पास पहुंचते ही बनी की ओर से आ रही तेज रफ्तार डीसीएम ने उसकी बाइक में पीछे से जोरदार ठोकर मार दी। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने राहगीरों की मदद से उसे सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

चोरों ने बंद मकान को बनाया निशाना

अमन लेखनी समाचार


बिखरा पड़ा सामान फोटो

लखनऊ। मलिहाबाद थाना क्षेत्र के माधौपुर गांव में बंद मकान को चोरों ने निशाना बनाते हुए सोने की एक जोड़ी झुमकी और छह हजार रुपये पार कर दिए। बच्चे का इलाज कराने पति के साथ मायके गई महिला जब घर लौटी तो कमरे में सामान बिखरा देख चोरी की जानकारी हुई। पीड़िता ने पड़ोसी पर चोरी का संदेह जताते हुए पुलिस से शिकायत की है।

माधौपुर गांव निवासी विनीता यादव पत्नी दीपू यादव के मुताबिक, वह 19 नवंबर को अपने बच्चे का इलाज कराने पति के साथ मायके गई थीं। इसी दौरान रात में उनके घर में चोरी हो गई। शुक्रवार रात करीब 10 बजे जब वह घर पहुंचीं और कमरे में सामान व्यवस्थित करने लगीं तो अलमारी खुली मिली और सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा था। जांच करने पर अलमारी में रखी सोने की एक जोड़ी झुमकी और छह हजार नकदी रुपये गायब मिले।

पीड़िता ने आशंका जताई कि चोरों ने कमरे की दीवार में ऊपर की ओर बने हिस्से से घर में प्रवेश कर वारदात को अंजाम दिया है। उन्होंने गांव के ही बाबूलाल पर चोरी का संदेह जताया है। शनिवार को पुलिस से शिकायत कर मामले की निष्पक्ष जांच कराने, चोरी गए जेवर और नकदी बरामद कराने और दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

तेलीबाग ने खोया अपना सबसे पुराना चिकित्सक, डॉ. राजेंद्र प्रसाद अग्निहोत्री का निधन

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। तेलीबाग की कुम्हार मंडी में करीब छह दशक तक मरीजों का इलाज करने वाले वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. राजेंद्र प्रसाद अग्निहोत्री का गुरुवार रात 12:30 बजे निधन हो गया। वह 90 वर्ष के थे। उनके निधन की सूचना मिलते ही तेलीबाग क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। डॉ. अग्निहोत्री की पहचान ऐसे चिकित्सक के रूप में थी, जिन्होंने इलाज को कमाई का जरिया नहीं, बल्कि सेवा का माध्यम बनाया। उन्होंने करीब 60 वर्ष पहले महज पांच रुपये फीस लेकर मरीजों का इलाज शुरू किया था। खास बात यह रही कि छह दशक बाद भी उनका सेवाभाव बरकरार रहा। वर्ष 2026 में भी वह मरीजों से केवल 100 रुपये फीस लेकर इलाज कर रहे थे। कुम्हार मंडी और आसपास के क्षेत्रों के गरीब व मध्यमवर्गीय परिवारों के बीच वह काफी लोकप्रिय थे। आर्थिक रूप से कमजोर मरीज भी आसानी से उनसे उपचार करा सकते थे। कम फीस और सरल व्यवहार के चलते कई पीढ़ियों तक लोग उनसे इलाज कराते रहे। उनके पिता का नाम लक्ष्मी नारायण अग्निहोत्री था। डॉ. राजेंद्र प्रसाद अग्निहोत्री के निधन से तेलीबाग ने चिकित्सा के क्षेत्र में लंबे समय तक सेवा देने वाली एक पुरानी पहचान खो दी है। क्षेत्र के लोगों के लिए उनका जाना एक अपूरणीय क्षति है। अन्तिम यात्रा में खरिका प्रथम के पार्षद के एन सिंह जी ,हरी शंकर शुक्ला, सुशील , हरी जैन, राजेश मिश्रा ,अमर बहादुर सिंह, ओम प्रकाश सिंह, वैद्यनाथ शर्मा, जगदीश गुप्ता, राम नरेश, शिव मंगल, बी के पाठक, शबनम एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। मुखाग्नि उनका पुत्र विवेक अग्निहोत्री ने दिया

किशोरी को झाड़ियों में खींचकर किया दुष्कर्म, विरोध पर बेरहमी से पीटा

परिजनों को झाड़ियों से बदहवास हालत में मिली किशोरी, नामजद आरोपी हिरासत में

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। खेत की ओर जा रही नाबालिग किशोरी को रास्ते में रोककर पड़ोसी गांव का एक किशोर उसे जबरन झाड़ियों में खींच ले गया। किशोरी ने विरोध करते हुए शोर मचाया तो आरोपी ने उसे लात-घूंसों से बेरहमी से पीटा और दुष्कर्म करने के बाद बदहवास हालत में झाड़ियों में छोड़कर फरार हो गया। काफी देर तक घर नहीं लौटने पर परिजन तलाश में निकले तो किशोरी झाड़ियों से बदहाल हालत में बाहर आती मिली। उसकी आपबीती सुनकर परिवार में हड़कंप मच गया। पुलिस ने नामजद आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

मामला रहीमाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव का है। किशोरी के भाई ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार दोपहर उसकी नाबालिग बहन खेत पर गई थी। इसी दौरान रास्ते में पड़ोसी गांव के किशोर ने उसे रोक लिया और जबरन सड़क किनारे झाड़ियों में खींच ले गया। बहन ने आरोपी का विरोध करते हुए मदद के लिए चीखना-चिल्लाना शुरू किया तो उसने लात-घूंसों से उसकी पिटाई कर दी। इसके बाद आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया और उसे बेसुध हालत में झाड़ियों में छोड़कर भाग निकला।

उधर, काफी देर तक किशोरी के घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। इसी दौरान वह झाड़ियों से बदहवास हालत में बाहर आती दिखाई दी। परिजनों के पूछने पर किशोरी ने अपने साथ हुई घटना की जानकारी दी।

इस संबंध में रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुनायक ने बताया कि भाई की तहरीर पर पुलिस ने नामजद आरोपी के खिलाफ बंधक बनाकर दुष्कर्म, पॉक्सो और एससी-एसटी एक्ट समेत सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर नामजद आरोपी किशोर को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

हरिद्वार में CM योगी की मां के अंतिम संस्कार में शामिल हुए विधायक राजेश्वर सिंह, दी श्रद्धांजलि

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पूज्य माताजी स्वर्गीय श्रीमती सावित्री देवी के अंतिम संस्कार में सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह सम्मिलित हुए। उन्होंने हरिद्वार पहुंचकर दिवंगत पुण्यात्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर डॉ. राजेश्वर सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं उनके समस्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने कहा कि मां के दिए संस्कार जीवन की हर परिस्थिति में मार्गदर्शन करते हैं और उनका आशीर्वाद कठिन से कठिन समय में संबल बनता है। उन्होंने कहा कि मां का बिछड़ना ऐसी अपूरणीय क्षति है, जिसकी पीड़ा को शब्दों में व्यक्त करना संभव नहीं है। मां के संस्कार, स्नेह और आशीर्वाद ही संतान के जीवन की सबसे बड़ी पूंजी होती है।

राजधानी में स्थापित होगा प्रदेश का पहला निफ्टेम सैटेलाइट सेंटर

- खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को मिलेगी नयी उड़ान
- खाद्य उत्पादों की गुणवत्ता जांच से लेकर नये उत्पादों के विकास को मिलेगी विशेषज्ञों की मदद, उद्योगों की मांग के अनुरूप तैयार होंगे पाठ्यक्रम

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। योगी सरकार ने प्रदेश को खाद्य प्रसंस्करण और उद्यानिकी के क्षेत्र में आधुनिक तकनीक, अनुसंधान और नवाचार का केंद्र बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। योगी सरकार राजधानी लखनऊ में प्रदेश का पहला राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी, उद्यमिता एवं प्रबंधन संस्थान (निफ्टेम) का सैटेलाइट सेंटर स्थापित करने की दिशा में कदम आगे बढ़ा दिये हैं। इसके लिए राजधानी में तीन स्थानों क्रमशः राजकीय सामुदायिक फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केंद्र आलमबाग, राजकीय उद्यान अलीगंज और उद्यान निदेशालय हजरतगंज को चिह्नित किया गया है। सेंटर की स्थापना से प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को तकनीकी रूप से मजबूत करने के साथ ही विद्यार्थियों और युवाओं के लिए शिक्षा, प्रशिक्षण और रोजगार के नए अवसर तैयार होंगे।

अपर मुख्य सचिव, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण बाबू लाल मीणा ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप प्रदेश में कृषि और उद्यानिकी को केवल परंपरागत खेती तक सीमित न रखकर उसे आधुनिक तकनीक और उद्योगों से जोड़ने पर जोर दिया जा रहा है। इसी कड़ी में निफ्टेम का सैटेलाइट सेंटर स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य खाद्य प्रसंस्करण और उद्यान क्षेत्र की जरूरतों के अनुसार तकनीकी शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार और कुशल मानव संसाधन तैयार करना है। इस केंद्र के माध्यम से किसानों, खाद्य प्रसंस्करण उद्यमियों, विद्यार्थियों और युवाओं को आधुनिक तकनीकी सुविधाएं और विशेषज्ञों का मार्गदर्शन मिल सकेगा। सेंटर के संचालन और विकास में निफ्टेम सोनीपत के विशेषज्ञ महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। यहां खाद्य परीक्षण, प्रयोगशालाओं, अनुसंधान एवं विकास, तकनीकी प्रशिक्षण और इन्क्यूबेशन से जुड़ी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। साथ ही विद्यार्थियों के लिए जरूरी शैक्षणिक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। इससे खाद्य उत्पादों की गुणवत्ता जांचने, उनकी तकनीकी कमियों को दूर करने और नए उत्पाद विकसित करने में मदद मिलेगी। प्रदेश के खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को भी इसका सीधा लाभ मिलेगा। अपर मुख्य सचिव बीएल मीणा ने बताया कि निफ्टेम के सैटेलाइट सेंटर में खाद्य प्रसंस्करण एवं उद्यान क्षेत्र की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विभिन्न व्यावसायिक और तकनीकी पाठ्यक्रम संचालित किए जाएंगे। इन पाठ्यक्रमों को उद्योगों की मांग के अनुरूप तैयार किया जाएगा, ताकि प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर मिल सकें। इसके साथ ही विद्यार्थियों और संबंधित क्षेत्र के लोगों के लिए समय-समय पर तकनीकी सत्र आयोजित किए जाएंगे। संस्थान में शिक्षकों और तकनीकी विशेषज्ञों की क्षमता बढ़ाने के लिए फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) भी चलाए जाएंगे। इसके माध्यम से शिक्षकों को खाद्य प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हो रहे नए बदलावों, आधुनिक तकनीकों और अनुसंधान की जानकारी दी जाएगी।

योगी सरकार का प्रयास है कि प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण से जुड़ी शिक्षा और प्रशिक्षण व्यवस्था को उद्योगों की वास्तविक जरूरतों के अनुरूप विकसित किया जाए। इसके लिए एकीकृत शैक्षणिक एवं तकनीकी प्रशिक्षण प्रणाली भी तैयार की जाएगी। प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए उत्पादों की गुणवत्ता जांच और प्रमाणन की व्यवस्था मजबूत करना भी इस पहल का प्रमुख हिस्सा है। इसके तहत निफ्टेम के सहयोग से क्षेत्रीय खाद्य अनुसंधान एवं विश्लेषण केंद्र (आरएफआरएसी), लखनऊ को तकनीकी मार्गदर्शन और सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा।

एपीडा और राष्ट्रीय परीक्षण एवं अंशशोधन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीएल) से संबंधित प्रक्रियाओं में भी संस्थान के विशेषज्ञ मदद करेंगे। इससे खाद्य परीक्षण और गुणवत्ता आश्वासन से जुड़ी संस्थागत क्षमताओं का विकास होगा। खाद्य उत्पाद तैयार करने वाले उद्यमियों को गुणवत्ता मानकों की जानकारी और तकनीकी सहयोग मिल सकेगा। इससे प्रदेश के खाद्य उत्पादों को बेहतर गुणवत्ता के साथ बाजार में उतारने तथा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में उनकी स्वीकार्यता बढ़ेगी। निफ्टेम सैटेलाइट सेंटर के माध्यम से विद्यार्थियों को किताबी पढ़ाई के साथ व्यावहारिक अनुभव देने पर भी विशेष जोर रहेगा। इसके लिए विद्यार्थियों का निफ्टेम सोनीपत में शैक्षणिक भ्रमण कराया जाएगा। साथ ही खाद्य प्रसंस्करण और उद्यान क्षेत्र से जुड़े विद्यार्थियों तथा अन्य हितधारकों के लिए प्रमाणन (सर्टिफिकेशन) कार्यक्रम भी शुरू किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों से युवाओं को अपनी तकनीकी दक्षता साबित करने और रोजगार के अवसर बढ़ाने में मदद मिलेगी।

इस पहल के तहत एमएससी के विद्यार्थियों के लिए विलेज एडॉप्शन प्रोग्राम भी शुरू किया जाएगा। इसके अंतर्गत विद्यार्थियों को चयनित गांवों से जोड़कर कृषि, उद्यानिकी और खाद्य प्रसंस्करण से संबंधित व्यावहारिक अनुभव दिया जाएगा। विद्यार्थी गांवों में जाकर कृषि उत्पादों की उपलब्धता, उनके प्रसंस्करण और उनसे जुड़े अवसरों को समझ सकेंगे। इससे उन्हें ग्रामीण अर्थव्यवस्था और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के बीच संबंधों की बेहतर जानकारी मिलेगी। इसके अलावा राजकीय खाद्य प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी संस्थान, लखनऊ के एमएससी विद्यार्थियों को अनुसंधान और नए खाद्य उत्पादों के विकास से जुड़ी परियोजनाओं में सीधे शामिल किया जाएगा। निफ्टेम के सैटेलाइट सेंटर को धरातल पर उतारने के लिए देश के प्रतिष्ठित शैक्षणिक और अनुसंधान संस्थानों का सहयोग लिया जाएगा। इसमें निफ्टेम सोनीपत के साथ केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान (आईसीएआर-सीआईएसएच), केंद्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान (सीएफटीआरआई) और लखनऊ विश्वविद्यालय की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। इन संस्थानों के अनुभव और विशेषज्ञता का लाभ लेकर खाद्य प्रसंस्करण एवं उद्यान क्षेत्र के लिए तकनीकी शिक्षा, अनुसंधान और प्रशिक्षण की बेहतर व्यवस्था तैयार की जाएगी।

मेडिकल शिक्षा के नये मानकों से जोड़ने की तैयारी, विकसित होगा यूपी-एमसीईआई

अब संस्थानों की शैक्षणिक गुणवत्ता, चिकित्सा सुविधाओं, अनुसंधान व कार्यप्रणाली को राष्ट्रीय उत्कृष्टता मानकों के अनुरूप बनाने पर जोर

- मूल्यांकन, गैप एनालिसिस और ग्रेडिंग के जरिए मेडिकल कॉलेजों की क्षमताओं का होगा आकलन

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में बीते साढ़े नौ वर्षों के दौरान व्यापक बदलाव देखने को मिला है। प्रदेश में नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना से लेकर चिकित्सा शिक्षा के बुनियादी ढांचे के विस्तार तक सरकार ने स्वास्थ्य क्षेत्र को नई मजबूती दी है। इसी क्रम में 28 स्वशासी राज्य मेडिकल कॉलेजों की स्थापना के साथ चिकित्सा शिक्षा की पहुंच का विस्तार हुआ है। अब योगी सरकार का जोर इस विस्तारित संस्थागत ढांचे को गुणवत्ता, उत्कृष्टता और आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के नए मानकों से जोड़ने पर है। इसी दिशा में प्रदेश के राजकीय एवं स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालयों के मूल्यांकन के लिए राज्यस्तरीय फ्रेमवर्क यूपी मेडिकल कॉलेज एक्सीलेंस इंडेक्स' विकसित करने की पहल की गई है।

इसका उद्देश्य प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों को राष्ट्रीय स्तर के उत्कृष्टता मानकों के अनुरूप विकसित करना और चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार सुनिश्चित करना है। इस पहल के माध्यम से मेडिकल कॉलेजों की शैक्षणिक गतिविधियों, चिकित्सा सुविधाओं, मरीजों को उपलब्ध सेवाओं, विद्यार्थियों के अनुभव, अनुसंधान और संस्थागत कार्यप्रणाली का व्यापक मूल्यांकन किया जाएगा। इससे संस्थानों की वर्तमान उपलब्धियों का आकलन करने के साथ उनकी कमियों और सुधार की संभावनाओं को भी व्यवस्थित रूप से चिह्नित किया जा सकेगा।

महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, नेहा शर्मा के निर्देश पर इस इंडेक्स को विकसित करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। इसके तहत मेडिकल कॉलेजों के मूल्यांकन के लिए विस्तृत पैरामीटर्स, इंडिकेटर्स, वेटेज, स्कोरिंग रूब्रिक और असेसमेंट मेथोडोलॉजी तैयार की जाएगी। इसका लक्ष्य संस्थानों को राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित उत्कृष्टता के मानकों के अनुरूप आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराना है। यूपी-एमसीईआई के अंतर्गत मेडिकल कॉलेजों का गैप एनालिसिस किया जाएगा। इसके माध्यम से संस्थानों की मौजूदा व्यवस्थाओं और निर्धारित उत्कृष्टता मानकों के बीच अंतर तथा सुधार की संभावनाओं को चिह्नित किया जाएगा। संबंधित मेडिकल कॉलेजों को इन क्षेत्रों में अपनी व्यवस्थाओं, शैक्षणिक गतिविधियों और चिकित्सा सुविधाओं को बेहतर बनाने का अवसर मिलेगा। इसके बाद निर्धारित मानकों के आधार पर संस्थानों का मूल्यांकन और ग्रेडिंग की जाएगी।

इस व्यवस्था का उद्देश्य केवल मेडिकल कॉलेजों की तुलनात्मक रैंकिंग तैयार करना नहीं, बल्कि प्रत्येक संस्थान को अपनी क्षमताओं का विस्तार करने और निरंतर बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करना है। यह पहल योगी सरकार की उस प्राथमिकता को आगे बढ़ाएगी, जिसके तहत चिकित्सा शिक्षा के विस्तार के साथ उसकी गुणवत्ता और उपयोगिता को भी लगातार बेहतर बनाने पर जोर दिया जा रहा है। इस पहल का व्यापक लाभ चिकित्सा शिक्षा के साथ प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को भी मिलने की उम्मीद है। मेडिकल कॉलेजों की संस्थागत क्षमताओं, चिकित्सा सुविधाओं और कार्यप्रणाली को बेहतर बनाने से मरीजों को अधिक व्यवस्थित और गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।

खासतौर पर दूर-दराज के जिलों में स्थित मेडिकल कॉलेजों के सुदृढ़ीकरण से स्थानीय स्तर पर बेहतर चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता बढ़ेगी और मरीजों को इलाज के लिए बड़े शहरों पर निर्भरता कम करने में मदद मिल सकेगी। वहीं, शैक्षणिक एवं प्रशिक्षण व्यवस्थाओं को मजबूत बनाने, अनुसंधान को प्रोत्साहित करने और संस्थानों की कार्यक्षमता बढ़ाने से कुशल एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों की नई कार्यबल तैयार करने में भी मदद मिलेगी। इससे प्रदेश में चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता के साथ स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता और प्रभावशीलता को भी नई मजबूती मिल सकेगी। इस पूरी व्यवस्था को विकसित करने के लिए डॉ. सत्यजीत वर्मा, संबद्ध अधिकारी की अध्यक्षता में समिति गठित की गई है। समिति देश में प्रचलित राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न मूल्यांकन व्यवस्थाओं और मानकों का अध्ययन कर रही है। इनके आधार पर उत्तर प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों की आवश्यकताओं और परिस्थितियों के अनुरूप एक व्यापक एवं व्यावहारिक मूल्यांकन प्रणाली तैयार की जाएगी। प्रस्तावित व्यवस्था को पहले पायलट आधार पर लागू करने और इसके अनुभवों के आधार पर आगे प्रदेशव्यापी स्तर पर क्रियान्वित करने की योजना है।

आगामी विस चुनाव को लेकर भाजपा की तैयारियां तेज

- चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक में बनी रणनीति
- बूथ स्तर तक मजबूत समन्वय और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी जरूरी

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर शनिवार को हजरतगंज स्थित हलवासिया कोर्ट में भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महानगर की चुनाव प्रबंधन समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी ने की। बैठक में महानगर प्रभारी एवं पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष त्र्यंबक त्रिपाठी ने आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों, चुनाव प्रबंधन की कार्ययोजना एवं संगठनात्मक रणनीति पर विस्तार से चर्चा करते हुए पदाधिकारियों का मार्गदर्शन किया।

महानगर प्रभारी त्र्यंबक त्रिपाठी ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए अभी से सुनियोजित एवं व्यवस्थित चुनाव प्रबंधन की तैयारी शुरू करना आवश्यक है। चुनाव में सफलता के लिए संगठन के प्रत्येक स्तर पर जिम्मेदारियों का स्पष्ट निर्धारण, बूथ स्तर तक मजबूत समन्वय और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी बेहद महत्वपूर्ण है।

भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी ने कहा कि भाजपा का संगठन उसकी सबसे बड़ी ताकत है। लखनऊ महानगर में संगठनात्मक मजबूती और कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत के बल पर आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी को ऐतिहासिक सफलता दिलाने के लिए पूरी टीम प्रतिबद्ध है। चुनाव प्रबंधन समिति के सभी सदस्य अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा और सक्रियता से निर्वहन करें। चुनाव प्रबंधन से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करते हुए आगामी कार्ययोजना को प्रभावी ढंग से लागू करने पर जोर दिया गया।

मीडिया प्रभारी अनुराग साहू ने बताया कि बैठक में विधानसभा प्रभारी के रूप में पश्चिम से संजय गुप्ता, उत्तर से सरोज सिंह, पूर्व से आरबी सिंह, मध्य से राहुल मिश्रा तथा कैंट से रामदेव पाल, विधानसभा विस्तारक के रूप में पश्चिम से कुलदीप मिश्रा, उत्तर से विनीत बाजपेयी, पूर्व से देवेश शुक्ला, मध्य से आयुष तथा कैंट से उमाशंकर बघेल, भाजपा महामंत्री धनश्याम दास अग्रवाल, टिंकू सोनकर, सत्येंद्र सिंह, उपाध्यक्ष विनायक पाण्डेय, दीपू शुक्ला, सौरभ वाल्मीकि, दीपू शुक्ला, योगेन्द्र पटेल, कुमकुम राजपूत, जीडी शुक्ला, मंत्री आनन्द पाण्डेय, राजेश चौधरी, सतीश मिश्रा, सचिन वैश्य, मयंक बाजपेई, टीआर जोशी, उत्तम मिश्रा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं चुनाव प्रबंधन से जुड़े सदस्य उपस्थित रहे।

संक्षेप

अनियंत्रित कार ने दो मवेशी को मारी टक्कर दोनो की मौत

बांगरमऊ, उन्नाव। शुक्रवार की मध्य रात एक बेकाबू हुई कार मार्ग किनारे बंधे मवेशियों को कुचलती हुई विद्युत पोल में टकराकर खंती के किनारे अटक गई इस हादसे में दो कीमती भैंसों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि चार पालतू मवेशी घायल हुए है। बताया जा रहा है शुक्रवार की मध्य रात करीब एक बोलेरो कार गांव सिरधरपुर की तरफ जा रही थी तभी रास्ते में गांव भुड्डा में पहुंचते ही वह किसी तरह अनियंत्रित होकर सड़क मार्ग किनारे बंधे पालतू मवेशियों को कुचलती हुई विद्युत पोल से टकराती हुई खंती के किनारे अटक गई इस घटना में ग्रामीण मोहन पुत्र भीखा की दो कीमती भैंसे शनिवार सुबह तक कार के नीचे दबी रहने से मौत के मुंह में समा गई जबकि ग्रामीण मोहन की एक और भैंस घायल हुई साथ ही ग्रामीण अवधेश पुत्र नन्हू की एक,गोपाल की एक सहित कुल छह पालतू मवेशी कार की टक्कर से घायल हो गए जिनमें से दो की मौत हो गई।वही कार की टक्कर से एक विद्युत पोल भी टूट गया गनीमत रही कि विद्युत पोल टूटने के बाद कार करेंट की चपेट में आने से बच गई अन्यथा जानमाल का एक बड़ा हादसा हो सकता था घटना की भयावह का सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि शनिवार को 10 बजे बाद तक दोनों मृत भैंसे कार के नीचे दबी रही तथा कार विद्युत पोल से उलझी हुई खड़ी रही। घटना को लेकर पशु स्वामियों द्वारा पुलिस को तहरीर देने की बात कही गई है।कोतवाल अखिलेश चंद पाण्डेय ने बताया है कि घटना की जांच कर उचित कार्यवाही की जाएगी।

तमंचा और कारतूस के साथ पकड़े गए युवक को 9 साल पुराने मामले में सजा

उन्नाव। तमंचा और कारतूस के साथ पकड़े गए युवक को करीब नौ साल पुराने मामले में दोषी ठहराया गया है। शुक्रवार को एडीजे एफटीसी न्यायालय ने उसे 3 महीने 15 दिन के साधारण कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 5 हजार रुपए का जुमार्ना भी लगाया है।पुलिस के अनुसार, फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के लठानापुर गांव निवासी आशीष को 25 जुलाई 2017 को तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया था। पुलिस ने जांच के दौरान घटनास्थल से जुड़े साक्ष्य और जरूरी दस्तावेज जुटाए। विवेचना पूरी करने के बाद 14 अगस्त 2017 को न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया गया। इसके बाद मामले की सुनवाई शुरू हुई। शुक्रवार को सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने आरोपी के खिलाफ साक्ष्य और दलीलें पेश कीं। न्यायाधीश रवि प्रकाश साहू ने दस्तावेजों और दलीलों के आधार पर आशीष को आर्म्स एक्ट के तहत दोषी ठहराया। उसे 3 महीने 15 दिन के साधारण कारावास और 5 हजार रुपए जुमार्ने की सजा सुनाई। जुमार्ना नहीं भरने पर नियमानुसार अतिरिक्त कार्रवाई की जाएगी।

धार्मिक आस्था के दो बड़े कार्यक्रमों का हर्षोल्लास के साथ किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। कस्बा भगवंतनगर में शुक्रवार को धार्मिक आस्था और पारंपरिक उत्साह के दो बड़े आयोजनों ने पूरे क्षेत्र को भक्ति और उल्लास के रंग में रंग दिया। एक ओर जहां बाबा खाटू श्याम के जन्मोत्सव पर भव्य संकीर्तन और जागरण में श्रद्धालु देर रात तक भजनों पर झूमते रहे, वहीं दूसरी ओर लगभग 150 वर्ष से अधिक पुरानी ऐतिहासिक रामलीला सवारी का आकर्षक आतिशबाजी के बीच रावण दहन के साथ भव्य समापन हुआ।

चौकी चौराहा स्थित आयोजन स्थल पर बाबा खाटू श्याम के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य संकीर्तन, द्वितीय जागरण एवं विशाल दरबार श्रृंगार का आयोजन किया गया। रंग-बिरंगी विद्युत झालरों, गुब्बारों और सुगंधित पुष्पों से सजे पंडाल में बाबा श्याम का अलौकिक दरबार आकर्षण का केंद्र रहा।

?वैदिक मंत्रोच्चार और अखंड ज्योति प्रज्वलन के बाद कानपुर से आए सम्राट जागरण पार्टी व श्री श्याम कृपा म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों ने भजनों की प्रस्तुति दी। गायक अमन बृजवासी, आरती तिवारी, काजल अवस्थी और शालू शर्मा के भजनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूमे, जबकि ईशू तिलकधारी झांकी ग्रुप की जीवंत झांकियों ने सबका मन मोह लिया। मंच संचालन रवींद्र कुमार (एलआईसी) ने किया। आयोजन 'आप और हम' आयोजक मंडल एवं 'श्री श्याम मित्र मंडल कमेटी, चौकी चौराहा, भगवंतनगर' के तत्वावधान में हुआ, जिसमें प्रभात सिंह, अमित कुमार, लाल भारती, पंचम रावत समेत बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। अंत में महाआरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया। दूसरी ओर, 11 नवंबर से शुरू हुई लगभग 150 वर्ष पुरानी ऐतिहासिक रामलीला सवारी का शुक्रवार को डिठुआनी के अवसर पर समापन हो गया। महावीर बाबा मंदिर, पक्का तालाब परिसर से शुरू हुई शोभायात्रा नजहाई, सदर बाजार, बेलाही बाजार और तीन सेवला होते हुए रमन खेड़ा पार्क पहुंची, जहां देर रात ढोल-नगाड़ों और आतिशबाजी के बीच रावण के पुतले का दहन किया गया। शोभायात्रा में राधा-कृष्ण, शिव-पार्वती, मां काली और हनुमान जी की झांकियां विशेष आकर्षण रहीं। हालांकि, इस बार मोहल्लेवासियों की ओर से व्यक्तिगत स्तर पर निकाली जाने वाली अतिरिक्त झांकियों की संख्या कम रही। आयोजन को सफल बनाने में 'नव युवक रामलीला कमेटी भगवंत नगर' व 'प्रभु श्रीराम ऐतिहासिक शोभायात्रा कमेटी' के संरक्षक मंडल (अंशू सोनी, धनंजय शुक्ला, बीनू गुप्ता, मनू सोनी) और कार्यकताओं (नीरज कसेरा, सुब्बू सोनी, रामजी, छोटू सविता, रॉकी, मृत्युंजय आदि) का योगदान रहा। सुरक्षा के मद्देनजर शोभायात्रा मार्ग से रमन खेड़ा पार्क तक बिहार थाना प्रभारी राहुल सिंह व भगवंतनगर चौकी इंचार्ज कृष्ण कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे और कार्यक्रम शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

5100 दीपों की रोशनी से जगमगाया पक्का तालाब, दीपोत्सव में उमड़ी 10 हजार से अधिक की भीड़

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। नगर पंचायत भगवंतनगर के पक्का तालाब परिसर में देवउठनी एकादशी के अवसर पर भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। पक्के तालाब पर 5100 दीप प्रज्वलित किए गए तथा रंगोली व आकृतियों में भी दीप जलाए गए, जिससे पूरा तालाब और मंदिर परिसर रोशनी से जगमगा उठा। इस दौरान आतिशबाजी भी हुई और उत्सव देखने के लिए कस्बे व आसपास के गांवों से 10 हजार से अधिक श्रद्धालुओं व लोगों की भीड़ उमड़ी।

आठ से दस वर्षों से जारी परंपरा

नगर पंचायत अध्यक्ष आशीष शुक्ला ने बताया कि यह दीपोत्सव हर वर्ष की तरह इस बार भी उत्साह के साथ मनाया गया। उनके अनुसार यह परंपरा पिछले लगभग आठ से दस वर्षों से जारी है और इसका सर्वप्रथम आयोजन उन्हीं के द्वारा किया गया था। उन्होंने कहा कि दीपों को व्यवस्थित करने और तालाब को सजाने में सुबह से ही योगदान दिया गया तथा आयोजन को सफल बनाने के लिए कई सप्ताह पहले से योजना और तैयारी की जाती है। नगर पंचायत अध्यक्ष ने सभी क्षेत्रवासियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। दीपोत्सव के साथ परिसर में मेला भी लगा, जिसमें बच्चों के लिए झूले, चाट-जलेबी और खान-पान की विभिन्न दुकानें लगाई गईं। आयोजन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए बिहार थाना प्रभारी राहुल सिंह और भगवंतनगर चौकी इंचार्ज कृष्ण कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।कार्यक्रम में क्षेत्रवासी, नगर पंचायत के निवासी, भक्तगण तथा नगर पंचायत के पदाधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। प्रमुख उपस्थित लोगों में रवींद्र कुमार सुनील यादव (पूर्व प्रधान हमीरपुर), पंचम रावत (सभासद वार्ड दो), अर्जुन कुमार,प्रभांशु रॉयल (भगवंतनगर), राजा शुक्ल, विनय, अश्वनी वर्मा, अशोक कुमार (सभासद), शिवेंद्र सिंह, योगेश गुप्ता, महेंद्र राजपूत, निखिल चौधरी, विपिन कुमार,प्रभात सिंह और बाराती लाल शामिल रहे।

दो अलग अलग हुए सड़क हादसे में आधा दर्जन घायल

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव।बिहार थाना क्षेत्र के महज 200 मीटर के दायरे में शुक्रवार देर शाम हुई दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों और एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को सुमेरपुर स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चार गंभीर घायलों को 100 शैय्या अस्पताल बीघापुर रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार,पहली घटना बीघापुर थाना क्षेत्र के गांव बाला कटरी से लोग अर्टिगा कार में सवार होकर रायबरेली जिले के खीरो थाना क्षेत्र स्थित गांव काली खेड़ा एक बारात में शामिल होने जा रहे थे। जैसे ही उनकी कार बिहार थाने के पास पहुंची, तभी एक अज्ञात डंफर ने कार में जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में कार चालक विपिन कुमार, साथ बैठे संतोष कुमार तथा पीछे बैठे कृष्ण कुमार, आशु और आशीष गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सुमेरपुर स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने संतोष कुमार, विपिन कुमार और कृष्ण कुमार की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें 100 शैय्या अस्पताल बीघापुर रेफर कर दिया।पहली दुर्घटना स्थल से करीब 100 मीटर की दूरी पर दूसरी सड़क दुर्घटना हुई। ताजकपुर निवासी अविकल सिंह और वीर सिंह बाइक से बिहार स्थित खुशबू गेस्ट हाउस में एक परिचित की शादी में शामिल होने जा रहे थे।इसी दौरान एक अज्ञात थार गाड़ी ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। दोनों घायलों को सुमेरपुर अस्पताल लाया गया, जहां से गंभीर रूप से घायल अविकल सिंह को उच्च चिकित्सा के जिला रेफर कर दिया गया।मामले में बिहार थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी तथा दोनों दुर्घटनाओं को अंजाम देने वाले अज्ञात वाहनों और चालकों का पता लगाया जा रहा है।

कार्तिक पूर्णिमा पर्व को लेकर डीएम एसपी ने गंगा घाट का किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। आगामी कार्तिक पूर्णिमा पर्व को सकुशल, सुरक्षित और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए शनिवार को जिलाधिकारी घनश्याम मीणा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह ने थाना बारासगवर क्षेत्र के अंतर्गत स्थित प्रसिद्ध चंद्रिका देवी मंदिर एवं बक्सर गंगा घाट का स्थलीय निरीक्षण किया।

?निरीक्षण के दौरान दोनों शीर्ष अधिकारियों ने कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा स्नान के लिए उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन (ट्रैफिक डायवर्जन) और घाटों पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया। अधिकारियों ने मेला क्षेत्र व घाटों का भ्रमण कर मौके पर मौजूद अधीनस्थ अधिकारियों और पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी और एसएसपी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि स्नान पर्व के दौरान घाटों और मंदिर परिसर में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाए। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रभावी बैरिकेडिंग और सुचारु यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि श्रद्धालुओं को जाम या किसी अन्य असुविधा का सामना न करना पड़े। साथ ही, गंगा घाटों पर गहरे पानी में सुरक्षा के समुचित प्रबंध (जैसे गोताखोर व नाविकों की तैनाती) करने और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी इंतजाम समय रहते दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए। इस मौके पर उपजिलाधिकारी धर्मेंद्र सिंह, प्रधान राम बदन, कानूनगो, के साथ स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

पोलियो जागरूकता रैली, डीएम ने किया रवाना, 22 से 27 नवंबर तक चलेगा पल्स पोलियो अभियान

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। पांच साल तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने और जिले को पोलियो मुक्त बनाए रखने के लिए शनिवार को जागरूकता रैली निकाली गई। सुबह करीब 11 बजे जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने जिला अस्पताल परिसर से रैली को रवाना किया। रैली में एसएसपी, सीएमओ, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, एनसीसी कैडेट, स्कूली बच्चे और युवा शामिल हुए। उन्होंने लोगों से अभियान में सहयोग करने और बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने की अपील की। जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने बताया कि 22 से 27 नवंबर तक पांच दिन का पल्स पोलियो अभियान चलेगा। स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर शून्य से पांच साल तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएंगी। अभियान के लिए स्वास्थ्य विभाग ने 1604 टीमें लगाई हैं। टीमें तय कार्यक्रम के अनुसार घरों तक पहुंचेंगी और अभिभावकों को बच्चों को दवा पिलाने के लिए जागरूक करेंगी। डीएम ने कहा कि पोलियो को खत्म करने के लिए हर बच्चे तक पहुंचना जरूरी है। उन्होंने अभियान में आम लोगों से भी सहयोग करने की अपील की। रैली में शामिल बच्चों और युवाओं ने भी लोगों से अभियान में साथ देने को कहा। कार्यक्रम में एसएसपी, सीएमओ और अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। स्वास्थ्य विभाग ने अभियान की तैयारियां पूरी कर ली हैं। प्रशासन का लक्ष्य है कि जिले का कोई भी पात्र बच्चा पोलियो की खुराक से छूटे नहीं।

डीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील बीघापुर में जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश सिंह की उपस्थिति में सम्पूर्ण समाधान दिवस का अयोजन किया गया। इव अवसर पर जिलाधिकारी ने तहसील बीघापुर के विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए फरियादियों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना। जिलाधिकारी ने राजस्व, पुलिस, विकास, समाज कल्याण, स्वास्थ्य विद्युत तथा अन्य विभागों की शिकायतें सुन संबंधित अधिकारी को मौके पर बुलाकर गुणवत्तापूर्ण समयबद्ध निस्तारण किए जाने के के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान हो। शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने राजस्व भूमि विवाद पैमाइश अवैध कब्जा एवं अन्य संवेदनशील मामलों को गंभीरता के साथ निस्तारण किये जाने के निर्देश दिए। तहसील दिवस में विभिन्न विभागों सहित कुल 105 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमे से 05 का मौके पर निस्तारण किया गया शेष शिकायतों का जिलाधिकारी ने एक सप्ताह के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिया। इस अवसर पर जिला अधिकारी ने किसान दुर्घटना बीमा योजना मत्स्य पट्टा आवंटन,दैवीय आपदा,स्वामित्व योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया। संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत सुनने के पूर्व जिला अधिकारी ने सरकार की कल्याणकारी योजनाओं नीतियों कार्यक्रमों विषयक लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टालों का भी एक-एक करके अवलोकन कर जानकारी ली। समाधान दिवस में रघुनाथ खेडा निवासी रोहित सिंह ने भूमि न०1361 में बिना धारा 80 कराए 40 प्लॉटों के अवैध बैनामे की बात उठाई। ग्रामसभा पाटन के दर्जनों ग्रामीणों ने तकिया मेला मुख्य खड़ंजा के पास सुअर बाड़ा व जानवर बांध गंदगी फैलाने की बात कही। जगतपुर की निशा देवी ने शिकायत में बताया कि ग्राम सभा मे चार सफाई कर्मी तैनात है लेकिन तीन सफाई कर्मी पिछले चार सालों से गाँव नही आये। त्रिपुरारपुर निवासी उर्मिला देवी ने अपनी जमीन पर दबंगो द्वारा बनी मेड तोड़ कब्जा कर लेने की बात कही। बद्री राखन खेडा निवासिनी नेहा ने थाना बारासगवर द्वारा दहेज उत्पीड़न व प्रताडना की रिपोर्ट न लिख मार पीट लिखे जाने की शिकायत की।इस मौके पर उपजिलाधिकारी बीघापुर धर्मेंद्र सिंह क्षेत्राधिकारी बीघापुर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, परियोजना निदेशक तेजवंत सिंह, जिला विकास अधिकारी देव चतुर्वेदी सहित अन्य सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

विशाल जन आशीर्वाद रैली मिशन 2027 का 22 नवंबर को होगा आयोजन

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। आगामी विधानसभा चुनाव मिशन 2027 को लेकर राजनीतिक गतिविधियां धीरे-धीरे तेज होने लगी हैं। इसी क्रम में पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं भाजपा नेता विजय कुमार निषाद द्वारा आगामी 22 नवंबर 2026 को एक विशाल जन आशीर्वाद रैली मिशन 2027 का आयोजन किया जा रहा है। इस रैली का आयोजन भाजपा कार्यालय पंचू पुरवा से किया जाएगा इस संबंध में जानकारी देते हुए भाजपा नेता विजय कुमार निषाद ने बताया कि जन आशीर्वाद रैली को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। रैली में क्षेत्र के विभिन्न गांवों एवं कस्बों से बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से क्षेत्र की जनता के बीच पहुंचकर उनका आशीर्वाद एवं सहयोग प्राप्त करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने 162 विधानसभा क्षेत्र बांगरमऊ के समस्त सम्मानित नागरिकों, युवाओं, सामाजिक कार्यकताओं एवं पार्टी समर्थकों से अपील की है कि आगामी 22 नवंबर को भाजपा कार्यालय पंचू पुरवा पहुंचकर विशाल जन आशीर्वाद रैली मिशन 2027 में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।विजय कुमार निषाद ने कहा कि जनता का स्नेह, सहयोग और आशीर्वाद ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

ट्रैक्टर-कार की भिड़ंत के बाद दोनों वाहनों में लगी आग, धू-धूकर जले

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अजगैन-मोहान मार्ग पर शुक्रवार देर रात रहमतगंज के निकट तेज रफ्तार ट्रैक्टर और कार की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहनों में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और दोनों वाहन धू-धूकर जलने लगे। सड़क पर आग की ऊंची लपटें उठती देख आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। गनीमत रही कि दोनों वाहनों में सवार लोगों ने समय रहते बाहर निकलकर अपनी जान बचा ली। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, शुक्रवार रात करीब नौ बजे ट्रैक्टर मोहान की ओर से अजगैन की तरफ जा रहा था। इसी दौरान रहमतगंज के निकट सामने से आ रही कार से उसकी जोरदार टक्कर हो गई। भिड़ंत के बाद दोनों वाहनों से आग की लपटें उठने लगीं। कुछ ही देर में आग ने दोनों वाहनों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास के ग्रामीण और राहगीर घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े।लोगों ने तत्काल पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाने में जुट गई। इस दौरान सड़क पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित रही। हादसे के चलते काफी देर तक मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।हादसे की भयावहता के बावजूद किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। दोनों वाहनों पर सवार लोगों के सुरक्षित बच निकलने से बड़ा हादसा टल गया।अजगैन कोतवाली प्रभारी सुरेश सिंह ने बताया कार अनिल सिंह पुत्र शिवराज सिंह निवासी सुरेन्द्र नगर मटियारी लखनऊ की है।और ट्रैक्टर चालक शिवम निवासी अजगैन का है दोनों वाहनों के चालक बाल बाल बच गए।विधिक कार्यवाही की जा रही है।

अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) की अध्यक्षता में संपन्न हुआ संपूर्ण समाधान दिवस, शिकायतों के त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। तहसील सभागार में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस (तहसील दिवस) का आयोजन अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान तहसील क्षेत्र के विभिन्न गांवों एवं कस्बों से पहुंचे फरियादियों ने अपनी-अपनी समस्याओं से संबंधित शिकायती प्रार्थना पत्र अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किए। संपूर्ण समाधान दिवस में आए शिकायतकताओं की समस्याओं को अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) अमिताभ यादव ने गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायती प्रार्थना पत्रों का निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पक्षता एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं के समस्याओं का समाधान कराना शासन और प्रशासन की प्राथमिकता है। संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त सभी शिकायती प्रार्थना पत्रों का संतोषजनक एवं शीघ्र निस्तारण कराया जाएगा, जिससे फरियादियों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से अधिकारियों के कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशीलता बरतने तथा शिकायतों का गंभीरता से संज्ञान लेकर प्रभावी कार्रवाई करने की अपेक्षा की। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी बृजमोहन शुक्ला, तहसीलदार अखिलेश कुमार मौर्य, नायब तहसीलदार हरीकिशोर सहित राजस्व, स्थानीय निकाय, पुलिस एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि शिकायतों का केवल कागजी निस्तारण न किया जाए, बल्कि मौके पर जांच कर शिकायतकताओं को वास्तविक रूप से राहत पहुंचाई जाए। इस मौके पर क्षेत्रीय भाजपा विधायक श्रीकांत कटियार ने कहा कि जनता की

खाटू श्याम बाबा का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया, भक्ति के रंग में रंगा कस्बा

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। नगर के बाबा ओंकारेश्वर शनि धाम दुर्गा काली खाटू श्याम मंदिर में श्री खाटू श्याम बाबा का जन्मोत्सव समारोह बड़े ही हर्षोल्लास, श्रद्धा और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया तथा बाबा के दर्शन एवं पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। पूरे मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा।कार्यक्रम का आयोजन पंडित सुमित कुमार द्विवेदी की देखरेख में संपन्न हुआ। जन्मोत्सव के अवसर पर श्रद्धालुओं ने पूरी श्रद्धा और आस्था के साथ बाबा खाटू श्याम के दर्शन-पूजन कर परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं मंगलमय जीवन की कामना की। इस धार्मिक आयोजन में नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में महिला, पुरुष एवं युवा श्रद्धालु शामिल हुए। बाबा के प्रति भक्तों की अटूट आस्था और उत्साह देखते ही बन रहा था। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की उपस्थिति से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। आयोजक पंडित सुमित कुमार द्विवेदी ने कार्यक्रम में सहभागिता करने वाले सभी श्रद्धालुओं एवं भक्तगणों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक एवं आध्यात्मिक आयोजनों से समाज में भक्ति, प्रेम, सद्भाव और आपसी भाईचारे की भावना मजबूत होती है। श्री खाटू श्याम बाबा के जन्मोत्सव के इस आयोजन ने नगर में धार्मिक उल्लास और श्रद्धा का विशेष माहौल बना दिया। कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं ने बाबा के जयकारे लगाकर अपनी आस्था प्रकट की।

श्री कृष्ण लीला महोत्सव के समापन दिवस पर महाराजा अग्रसेन जी के राजतिलक और ब्रज की होली लीला का किया गया मंचन

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। श्री दुर्गेश्वर कृष्ण लीला समिति द्वारा आयोजित 74वें कृष्ण लीला महोत्सव के समापन दिवस पर महाराजा अग्रसेन जी के राजतिलक और ब्रज की होली लीला का मंचन किया गया। जिसके दर्शन कर भक्त भाव-विभोर हो गए।

समापन दिवस पर गंजमुरादाबाद ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विवेक पटेल ने ठाकुर जी का पूजन-अर्चन कर आरती उतारी। मंच पर स्वामी जी, व्यास जी का पूजन व सम्मान किया गया और समिति के सभी सदस्यों को सम्मानित किया गया। महाराजा अग्रसेन जी के राजतिलक में भक्तों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसके बाद ब्रज की होली लीला ने समां बांध दिया। ₹आज ब्रज में होली रे रसिया, होली रे रसिया बरजोरी रे रसिया₹ और ₹मारो भर-भर के पिचकारी, रंग दो दुनिया सारी₹ गीतों पर ब्रज से आए कलाकारों ने सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। भक्त भी रंग-गुलाल में सराबोर होकर खूब झूमे।समिति ने पुलिस प्रशासन, नगर पालिका परिषद और विद्युत विभाग का आभार प्रकट किया। लगभग 9 दिन चले कार्यक्रम में पूरा उत्साह बना रहा। समिति अध्यक्ष प्रज्वल शर्मा ने घोषणा की कि 2027 में 75वें वर्ष में प्रवेश पर कृष्ण लीला महोत्सव को हीरक जयंती के रूप में मनाया जाएगा और महोत्सव 11 दिवसीय होगा। संरक्षक सुधीर कुमार मिश्रा ने सभी भक्तों का स्वागत किया। इस अवसर पर सपा के डॉ. मुन्ना अल्वी, सूर्य गुप्ता, ऋषभ गुप्ता, सोनू दीक्षित, मोंटी शर्मा, चरण आधार शर्मा, वैभव शर्मा, संजीव दीक्षित, संजीव शुक्ला, मधुर त्रिपाठी, दीप तिवारी, शिवाकांत शर्मा, अवधेश द्विवेदी आदि ने आरती उतारकर लीला का समापन किया।

सम्पादकीय

भारतीय उद्योग जगत को आत्ममंथन की जरूरत

भारतीय उद्योग जगत के सामने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक ऐसी चुनौती रखी है, जिस पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। फिक्की के शताब्दी समारोह में उद्यमियों को संबोधित करते हुए उन्होंने स्पष्ट कहा कि 140 करोड़ की आबादी वाला भारतीय बाजार घटिया गुणवत्ता के उत्पादों का ठिकाना नहीं बन सकता। भारतीय उपभोक्ता भी दुनिया के दूसरे देशों के नागरिकों की तरह गुणवत्तापूर्ण उत्पादों का हकदार है। कंपनियों को यह मानकर नहीं चलना चाहिए कि वे देश में जो कुछ भी बनाएंगी, उसे घरेलू बाजार में खरीदार मिल ही जाएंगे। प्रधानमंत्री का यह संदेश भारतीय उद्योग जगत की कार्यशैली और प्राथमिकताओं पर सीधा सवाल है। भारत दुनिया के सबसे बड़े उपभोक्ता बाजारों में शामिल है। तेजी से बढ़ता मध्यम वर्ग, युवा आबादी और लोगों की बढ़ती आकांक्षाएं उद्योगों के लिए व्यापक संभावनाएं पैदा करती हैं। लेकिन बाजार का आकार गुणवत्ता का विकल्प नहीं हो सकता। मेक इन इंडिया की वास्तविक सफलता तभी होगी, जब भारत में बने उत्पाद दुनिया के बाजार में अपनी गुणवत्ता के दम पर जगह बनाएं। इस दिशा में सरकार ने उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई), एमएसएमई के लिए जीरो डिफेक्ट जीरो इफेक्ट (जेड) प्रमाणन, लीन मैन्युफैक्चरिंग और गुणवत्ता नियंत्रण आदेशों जैसी पहल की हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स, दवा, विशेष इस्पात और अन्य क्षेत्रों में घरेलू उत्पादन क्षमता बढ़ाने के प्रयास भी हो रहे हैं। छोटे उद्योगों को तकनीक, डिजाइन, परीक्षण और प्रमाणन में सहायता दी जा रही है। असली कसौटी यह है कि भारतीय उत्पाद अंतरराष्ट्रीय ग्राहकों का भरोसा कितना जीत पाते हैं और आयातित उत्पादों के मुकाबले कितने प्रतिस्पर्धी साबित होते हैं। प्रधानमंत्री ने उद्योग जगत से एक और असहज सवाल पूछा है। सरकार ने करों में कटौती और कारोबार को आसान बनाने के लिए जो सुधार किए, उनका लाभ उपभोक्ताओं और कर्मचारियों तक कितना पहुंचा? यह सवाल इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि आर्थिक विकास का लाभ केवल कंपनियों के मुनाफे और शेयर बाजार के आंकड़ों में दिखाई देना पर्याप्त नहीं है। उसका असर वस्तुओं की कीमतों, कर्मचारियों की आय और रोजगार के अवसरों में भी नजर आना चाहिए। भारत में आर्थिक विकास और रोजगार के बीच अपेक्षित तालमेल अब भी एक बड़ी चुनौती है। कंपनियों का कारोबार और उत्पादन बढ़ रहा है, लेकिन अच्छी गुणवत्ता वाली नौकरियों का विस्तार उस गति से नहीं हो पा रहा, जिसकी जरूरत है। दूसरी ओर, महंगाई के बीच वेतन में होने वाली बढ़ोतरी कई बार कर्मचारियों की वास्तविक क्रय शक्ति बनाए रखने के लिए भी पर्याप्त नहीं होती। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक्स उत्पादन क्षमता बढ़ा सकते हैं, लेकिन उद्योगों को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि तकनीकी बदलाव के कारण रोजगार के अवसर अनावश्यक रूप से सीमित न हों। हालांकि उद्योगों की चुनौतियों को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। ऐसे में प्रधानमंत्री ने उद्यमियों से सरकार को खुलकर सुधारों के सुझाव देने की जो अपील की है, वह स्वागत योग्य है। उद्योग जगत को केवल रियायतें मांगने के बजाय कर व्यवस्था, लालफीताशाही, घुनियादी ढांचे, श्रम नियमों और नीतिगत जटिलताओं पर ठोस सुझाव देने चाहिए। फिक्की के शताब्दी समारोह में प्रधानमंत्री का संदेश उद्योग जगत के लिए आत्ममंथन का अवसर है। भारत को केवल दुनिया का बड़ा बाजार नहीं, बल्कि दुनिया के लिए गुणवत्तापूर्ण उत्पाद बनाने वाला प्रमुख विनिर्माण केंद्र बनना है।

आखिर! हमारे शहर रहने लायक क्यों नहीं है?



विचार

डॉ. संजय शुक्ला

इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट 'ईआईयू' ने ग्लोबल लिवेबिलिटी इंडेक्स 2026 रिपोर्ट जारी किया है जिसमें भारत का कोई शहर रहने लायक शीर्ष 100 शहरों में शामिल नहीं है। इस रिपोर्ट में दुनिया भर के 173 शहरों को नागरिकों के लिए रहने लायक पांच मानकों बुनियादी ढांचा, पर्यावरण और संस्कृति, शिक्षा, स्वास्थ्य और स्थिरता के आधार अध्ययन किया गया। रिपोर्ट में नई दिल्ली 120 वें, मुंबई 121 वें, चेन्नई 123 वें तथा बेंगलुरु 127 वें स्थान पर रहा। गौरतलब है कि किसी भी देश के मजबूत अर्थव्यवस्था का प्रतिबिंब उसका चमचमाता शहर ही होता है, शहर जहां तरक्की, रचनात्मकता और नवीनता का केंद्र होता है वहीं यह अर्थव्यवस्था में प्रगति और रोजगार का जनक भी होता है। भारत के कुल जीडीपी में शहरों का योगदान 63 फीसदी है। मानव सभ्यता के विकास के साथ ही लोगों के लिए महानगरीय और शहरी जीवनशैली हमेशा से आकर्षण का केंद्र रहा है लेकिन अब हमारे शहर तमाम विसंगतियों से जूझ रहे हैं।

एक बार फिर से राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली - एनसीआर के भयावह वायु प्रदूषण पर सियासत का बाजार गर्म है। दिपावली के ठीक बाद दिल्ली का औसत एक्यूआई (वायु गुणवत्ता सूचकांक) 500 के पार यानि गंभीर स्तर पर पहुंच गया था। अमूमन हर विंटर सीजन में दिल्ली की हवा दमघोंटू हो जाती है फलस्वरूप 'हेल्थ इमरजेंसी' के हालात बन जाते हैं। बात दिल्ली की करें तो दिवाली से लेकर छठ पूजा तक सियासी गलियारे में यहां की हवा और यमुना के प्रदूषण पर खूब बयानबाजी होती है। इसके बाद फिर 'ढाक के तीन पात' जैसे कहावत चरितार्थ होने लगती है। दरअसल दिल्ली के प्रदूषण पर सरकार और सियासी दल कितने संजीदा हैं? इसका अंदाजा इसी नवंबर में दिल्ली - एनसीआर के वायु प्रदूषण के मुद्दे की संसदीय समिति के एजेंडे से हटाए जाने से लगता है। गौरतलब है कि 17 नवंबर को नियत पार्लियामेंट्री बोर्ड की बैठक के एजेंडा में पहले राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के वायु प्रदूषण का मुद्दा शामिल किया गया था लेकिन बाद में इसे हटा लिया गया। इधर बैठक के एजेंडे से दिल्ली के वायु प्रदूषण का मुद्दा हटाए जाने पर सियासी दलों के बीच एक फिर से आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया। स्मरण रहे कि संसद के पिछले शीतकालीन सत्र में भी दिल्ली के वायु प्रदूषण पर चर्चा नियत होने के बावजूद यह मुद्दा ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना /"जी राम जी/" पर मचे हंगामे की भेंट चढ़ गया था।

शुद्ध हवा हर भारतीय का मौलिक अधिकार है लेकिन राजनीतिक इच्छाशक्ति और नागरिक कर्तव्य के अभाव के चलते चलते भारत में हर साल 20 लाख लोगों की मौतें जानलेवा प्रदूषण से हो रही है वहीं करोड़ों लोग सांस की बीमारी से पीड़ित हो रहे हैं।



अलबत्ता हमारे शहर सिर्फ सर्दियों में ही जहरीली हवा का शिकार अकेले दिल्लीवासी ही नहीं हो रहे हैं बल्कि देश के अधिकतर शहर इस मौसम में 'गैस चैंबर' के रूप में तब्दील हो जाते हैं। एक शोध के मुताबिक दुनिया के सबसे ज्यादा प्रदूषित 100 शहरों में से 91 शहर शहर भारत के हैं। वहीं दूसरी ओर स्विट्जरलैंड की संस्था आईक्यू एयर की 'वर्ल्ड एयर क्वालिटी-2026' रिपोर्ट के मुताबिक पूरी दुनिया में भारत छठवां सर्वाधिक प्रदूषित देश है। रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया के सबसे ज्यादा प्रदूषित 50 शहरों में 49 शहर भारत के हैं। देश में वायु प्रदूषण जनस्वास्थ्य के लिए सबसे बड़ा खतरा बना हुआ है जिसके चपेट में बच्चे से लेकर बुजुर्ग आ रहे हैं। वायु गुणवत्ता सूचकांक 'एक्यूआई' में महत्वपूर्ण पीएम - 2.5 की मुख्य भूमिका है। रिपोर्ट के मुताबिक 66 फीसदी भारतीय शहरों में पर्टिकुलेट मैटर (पीएम) 2.5 का स्तर 54.4 से अधिक है। यह स्तर डब्ल्यूएचओ के वार्षिक मानक से दस गुना ज्यादा है। आंकड़ों के मुताबिक देश की 133 अरब यानि 96 फीसदी आबादी खराब हवा में सांस ले रहा है। पीएम 2.5 और पीएम 10 कण वह होते हैं जिनका व्यास 2.5 और 10 माइक्रान या इससे कम होते हैं जो सांस के द्वारा फेफड़ों में पहुंचकर अस्थमा, कैंसर, स्ट्रोक, आंख में जलन या एलर्जी और फेफड़े से संबंधित रोगों का प्रमुख कारण बनते हैं। एक रिसर्च के मुताबिक हवा में मौजूद पीएम 2.5 और पीएम 10 प्रदूषित कणों के अलावा नाइट्रोजन डाइऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड और ओजोन गैस सांस के साथ शरीर में पहुंच कर लंग्स, ब्रेस्ट, लिवर, पैनक्रियाज और यूरिनरी सिस्टम से संबंधित कैंसर के जोखिम को बढ़ा रहे हैं।

विसंगतियों से नहीं जूझते हैं बल्कि बारिश और गर्मियों के दौरान भी अनेक चुनौतियों का सामना करते हैं। अमूमन हर मानसून में हमारे शहर जलभराव, शहरी बाढ़, ट्रैफिक जाम और भूस्खलन जैसे समस्याओं से जूझते हैं। भारी बारिश के दौरान सड़कों पर जलभराव के चलते सीवरेज के मैनहोल में गिरने, मकान या दीवार ढहने, बिजली गिरने, करेंट फैलने, बाढ़ में बहने और भूस्खलन से हर सैकड़ों लोगों की मौतें हो रही है। दूसरी ओर गर्मियों शहरवासी बिजली और पेयजल की किल्लत, भूजल स्तर में गिरावट, भीषण लू (हीटवेव) और प्रदूषण से जूझते हैं। गौरतलब है कि ग्लोबल वार्मिंग के बढ़ते असर के कारण सबसे अधिक जोखिम वाले दुनिया के 50 शहरों में से 14 भारतीय शहर है। देश में भीषण गर्मी और 'हीटवेव' से हर साल सैकड़ों लोगों की मौत होती है। विचारणीय है कि शहरों में प्रदूषण, जलभराव और हीटवेव का दुष्प्रभाव सिर्फ जनस्वास्थ्य पर ही नहीं पड़ता है बल्कि इसका असर देश के अर्थव्यवस्था पर भी होता है जिससे महंगाई, गरीबी और बेरोजगारी बढ़ती है।

बहरहाल हर नागरिक को सुरक्षित जीवन जीने का मौलिक अधिकार प्राप्त है लेकिन शहरों की दुर्दशा के लिए जितना जिम्मेदार सरकारी तंत्र है उतना ही जवाबदेह आम नागरिक भी हैं। ऐसा नहीं है कि शहरों की सूरत संवारने के लिए हमारे सरकारों ने कोई जतन नहीं किया है। विगत दशकों के दौरान शहरों को स्वच्छ - सुथरा, सुंदर और नियोजित बनाने के ' स्मार्ट सिटी मिशन ' जैसे अनेक योजनाएं और मिशन लागू किए गए हैं लेकिन नतीजा सिफर रहा है।

शहरों को स्मार्ट बनाने की होड़ में जिम्मेदार लोग अनेक अव्यवहारिक और अदूरदर्शिता पूर्ण फैसला भी ले रहे हैं। नीति - नियंताओं द्वारा सड़कों के निर्माण,सौंदर्यीकरण अथवा व्यवसायिक गतिविधियों के संचालन के उद्देश्य से नदियों और तालाबों के वाटर बॉडी को पाटा जा रहा है। नदियों और तालाबों के तटों के कंक्रीटीकरण करने, चौपाटी लगाने और बोटिंग जैसी योजनाओं के चलते इनके जलस्रोतों के रिचार्ज क्षमता को घट रही है वहीं फूड स्टालों के सड़े-गले अपशिष्टों की वजह से उनका इकोसिस्टम भी प्रभावित हो रहा है। इसके अलावा शहरों के उद्यानों अथवा शैक्षणिक संस्थानों के परिसर में व्यवसायिक गतिविधियों के संचालन से वहां का मौलिक उद्देश्य प्रभावित हो रहा है। लिहाजा शहर के नीति निर्धारकों को नदियों, तालाबों,उद्यानों, शिक्षण संस्थानों और खेलकूद मैदानों के व्यवसायिक उपयोग से बचना चाहिए। गौरतलब है कि नेशनल ग्रीन ट्राइब्यूनल के प्रावधान के अनुसार निर्माण कार्यों के दौरान धूलजनित प्रदूषण के रोकथाम हेतु पानी का नियमित समयांतराल में छिड़काव तथा निर्माण स्थलों पर ग्रीन नेट लगाना अनिवार्य है लेकिन सरकारी और निजी दोनों ही क्षेत्रों के लोग इसका उल्लंघन कर रहे हैं। दूसरी ओर नागरिकों में शहरों के प्रति स्वानुशासन की भी काफी न्यूनता दृष्टिगोचर हो रही है जिसका अदद उदाहरण सिंगल यूज प्लास्टिक का धड़ल्ले से इस्तेमाल है जबकि सरकार और स्थानीय प्रशासन ने इसे पर्यावरण के लिहाज से प्रतिबंधित किया है। चूंकि शहरों को साफ सुथरा और प्रदूषण मुक्त रखना नागरिक जवाबदेही भी है लिहाजा शहरवासियों को सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर पाबंदी,कचरा प्रबंधन,जल और वृक्ष संरक्षण, अधिकाधिक पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम के उपयोग तथा निजी वाहनों के फिटनेस जांच जैसे जवाबदारियों के प्रति आत्मानुशासित होना होगा तभी हमारे शहर रहने लायक बनेंगे।

दिवस विशेष

बाल मुकुन्द ओझा



सशक्त राष्ट्र के निर्माण में टेलीविजन की खास भूमिका

संयुक्त राष्ट्र की ओर से हर साल 21 नवंबर को विश्व टेलीविजन दिवस मनाया जाता है। टेलीविजन को विज्ञान का अनूठा आविष्कार कहा जाता है। इसे हिंदी में दूरदर्शन और बोलचाल में टी.वी. भी कहते हैं। टेलीविजन की अपनी संस्कृति और विरासत है। सोशल मीडिया के युग में भी इसकी महत्ता कम नहीं हुई है। बदलते अत्याधुनिक दौर में पारंपरिक टीवी से लेकर स्मार्ट टीवी और डिजिटल प्लेटफॉर्म तक का शानदार सफर हमें इस माध्यम की प्रासंगिकता और महत्व को समझने का मौका देता है। निश्चय ही टेलीविजन ने दुनियाभर के लोगों को जोड़ने, शिक्षित और जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। टेलीविजन का आविष्कार सबसे पहले 1927 में फिलो टेलर फ्रार्नस्वर्थ ने किया था। उस समय किसी को भी नहीं पता था कि टेलीविजन वैश्विक सूचना के प्रसार को बढ़ावा देने वाले अंतरराष्ट्रीय दिवस का प्रतीक बन जाएगा। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 1996 में विश्व टेलीविजन दिवस की शुरुआत की थी। संयुक्त राष्ट्र ने पहला विश्व टेलीविजन फोरम 21 और 22 नवंबर 1996 को आयोजित किया था, जहां प्रमुख मीडिया हस्तियों ने संयुक्त राष्ट्र के तत्वावधान में आज की बदलती दुनिया में टेलीविजन के बढ़ते महत्व पर चर्चा करने और इस बात पर विचार करने के लिए मुलाकात की कि वे अपने आपसी सहयोग को कैसे बढ़ा सकते हैं। इसीलिए महासभा ने 21 नवंबर को विश्व टेलीविजन दिवस के रूप में घोषित करने का निर्णय लिया। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक टेलीविजन दुनिया में वैश्वीकरण और संचार के प्रतीक का प्रतिनिधित्व करता है। टेलीविजन ने लोगों का मनोरंजन करने के साथ-साथ परिवार को एक सूत्र में बांधे रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। टेलीविजन से परिवार के लोग एक-दूसरे के करीब आ गए। दुनिया भर में अभी भी ऐसे बहुत से देश हैं, जहां लोगों को एक- दूसरे से जुड़ने में कई बाधाएं आती हैं। संचार में आ रही बाधाओं को दूर करने के लिए ही यह दिवस मनाया जाने लगा। टेलीविजन सूचना और शिक्षा का सशक्त माध्यम है। यह लोगों की निर्णय लेने की क्षमता को भी प्रभावित करता है। दुनिया में हो रहे विकास के साथ संघर्षों से लोगों को अवगत करता है। टेलीविजन अपने प्रारम्भ काल से ही आम लोगों के जीवन में शिक्षा और मनोरंजन का महत्वपूर्ण स्थान है। टेलीविजन के माध्यम से लोग कई सालों से शिक्षा, समाचार, राजनीति, मनोरंजन और गपशप का आनंद लेते आ रहे हैं। विश्व टेलीविजन दिवस मनाने का उद्देश्य दुनियाभर में इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से परे टेलीविजन के महत्व पर जोर देना है। टेलीविजन को सूचना, प्रणाली और जनमत को प्रभावित करने के लिए एक प्रमुख स्रोत के रूप में स्वीकार किया गया। टेलीविजन वर्तमान में संचार और वैश्वीकरण का प्रतिनिधित्व भी करता है। भारत में पहली बार टेलीविजन की शुरुआत 15 सितम्बर, 1959 को हुई। इस ब्लैक एंड व्हाइट स्क्रीन वाले टी.वी. का प्रारंभ में उपयोग शिक्षा एवं ग्रामीण विकास को ध्यान में रखकर किया गया। 15 अगस्त, 1965 को दूरदर्शन से सर्वप्रथम समाचार बुलेटिन की शुरुआत हुई। शुरू में इसका नाम टेलीविजन इंडिया रखा गया। 1975 में टेलीविजन इंडिया का नाम बदलकर दूरदर्शन कर दिया गया। उस दौरान टेलीविजन पर 'हम लोग, 'बुनियाद, 'रामायण' और 'महाभारत' जैसे लोकप्रिय शो आते थे, जिन्हें देखने के लिए टीवी के सामने लोगों की भीड़ इकट्ठा हो जाया करती थी। हमारे देश में टेलीविजन को हिंदी भाषा को जन-जन तक पहुंचाने का श्रेय दिया जा सकता है। आजादी के बाद प्रगति और विकास का सजीव माध्यम बना टेलीविजन। बड़े बड़े नेता और महत्वपूर्ण व्यक्ति अपनी बात टेलीविजन के माध्यम से देशवासियों के समक्ष रखते थे। प्रसारण का महत्वपूर्ण साधन होने से देश में इसकी महत्ता और स्वीकार्यता बढ़ी। मगर धीरे-धीरे निजी क्षेत्र में प्रसारण माध्यम शुरू हुए। निजी चैनलों से चौबीसों घंटे समाचार और मनोरंजन की सामग्री प्रसारित होने लगी।

शिवत्व की साधना



संकलित

दर्शन

हर कर्म का आरंभ संकल्प से होता है। बातों को बनाने, बिगाड़ने व संभालने का आधार भी स्थाप सोच रूपी कर्म है। अच्छे या बुरे सोच के कारण हमारे कर्म और कर्मफल सुखदायी व दुखदायी होते हैं। इसलिए कहते हैं, परमात्मा शिव अपनी शुद्ध और श्रेष्ठ संकल्पों से सृष्टि को परिष्कृत कर दुनिया को परिवर्तित कर देते हैं। उनका प्रत्येक संकल्प मानवता का कल्याण व सद्गुण है, जिसकी वर्षा से प्रकृति में शांति, संतुलन, सद्भावना व प्रसन्नता का वातावरण निर्मित होता है। मानव जीवन व संसार से विकार, व्यभिचार, भ्रष्टाचार, पापाचार, दुख, कष्ट व हिंसा के ताप समाप्त होते हैं। परमात्मा के इस सृष्टि परिवर्तन या उद्धार कार्य से कृतज्ञ होकर हम श्रावण मास में भगवान शिव की पूजा-अर्चना और व्रत-उपवास करते हैं। शिव की महिमा स्मरण, श्रावन, पूजन व श्रवण से श्रावण मास शिवमय हो जाता है। कहते हैं, चातुर्मास के आरंभ में भगवान विष्णु जब शयन में चले जाते हैं, तब परमात्मा शिव संसार की बागडोर संभालते हैं। शिव निराकार ज्योति स्वरूप हैं। वे शिव ज्ञान व योग सिखाकर मनुष्यों में सतयुगी दिव्य गुण व दैवी संस्कारों को पुनः विकसित करते हैं। जब भगवान विष्णु योगनिद्रा में चले जाते हैं, तब सृष्टि को बचाने एवं भक्तों की शुद्ध भावनाओं और कामनाओं का फल देने हेतु शिव अदृश्य रूप में संसार का कार्यभार संभालते हैं। ज्ञान सूर्य ज्योति स्वरूप शिव अपने ईश्वरीय ज्ञान व शिक्षा के प्रकाश द्वारा मनुष्यों के आसुरी अवगुणों को सद्गुण, दैवी चरित्र व दैवी संस्कारों में बदलते हैं।

कर्ण की युद्ध में धर्म-नीति निष्ठा



संकलित

प्रेरणा

कर्ण कौरवों की सेना में होते हुए भी महान धर्मनिष्ठ योद्धा थे। भगवान श्रीकृष्ण तक उनकी प्रशंसा करते थे। महाभारत युद्ध में कर्ण ने अर्जुन को मार गिराने की प्रतिज्ञा की थी। उसे सफल बनाने के लिए खांडव वन के महासर्प अश्वसेन ने इसे उपयुक्त अवसर समझा। अर्जुन से वह शत्रुता तो रखता था, पर काटने का अवसर नहीं मिलता था। वह बाण बनकर कर्ण के तरकस में जा घुसा। अश्वसेन वाला बाण भी चला, लेकिन भगवान श्रीकृष्ण ने वस्तुस्थिति को समझा और रथ-घोड़े जमीन पर बिठा दिए। बाण मुकुट काटता हुआ ऊपर से निकल गया। असफलता पर अश्वसेन प्रकट हुआ और कर्ण से बोला: अबकी बार अधिक सावधानी से बाण चलाना। इस पर कर्ण को भारी आश्चर्य हुआ। उसने उस कालसर्प से पूछा: आप कौन हैं? सर्प ने कहा: अर्जुन ने एक बार खण्डव वन में आग लगाकर मेरे परिवार को मार दिया था। इसलिए उसीका प्रतिशोध लेने के लिए मैं व्याकुल रहता हूं। उस तक पहुँचने का अवसर न मिलने पर आपके तरकस में बाण के रूप में आया हूं। कर्ण ने उसकी सहायता के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए वापस लौट जाने के लिए कहा: भद्र, मुझे अपने ही पुरुषार्थ से नीति युद्ध लड़ने दीजिए। आपकी अनीतियुक्त सहायता लेकर जीतने से तो हारना अच्छा है। कालसर्प कर्ण की नीति-निष्ठा को सराहता हुआ वापस लौट गया। उसने कहा: कर्ण तुम्हारी यह धर्मनिष्ठा ही सत्य है, जिसमें अनीतियुक्त पूर्वाग्रह को क्षण की कहीं स्थान नहीं।

अंतर्मन



गुरुवायुर इंद्रसेन : केरल के गुरुवायूर में शुक्रवार को स्थित श्री कृष्ण मंदिर में एकादशी समारोह के अंतर्गत उपलक्षित वार्षिक संगीत कार्यक्रम के दौरान, मंदिर का हाथी 'गुरुवायूर इंद्रसेन' एक महान हाथी की प्रतिमा के सामने नमन करता हुआ।

आज की पाती

रोजगार के लिए हर पहलू पर ध्यान दें सरकारें

सरकार ने युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और पढ़ाई के साथ-साथ इनके कौशल विकास के लिए भी एक नई योजना इंटर्नशिप शुरू की है। इसके लिए सरकार ने चुने हुई तकनिकी संस्थानों को इसके दायरे में लाने का भी प्रयास किया है। इन संस्थानों में विद्यार्थियों को अपने करियर को संवारने की राह मिलेगी। इसके लिए सरकार अपनी तरफ से कार्य भी करेगी अर्थात जो विद्यार्थी इस योजना को अपनाते हैं उनकी आर्थिक मदद भी करेगी और विद्यार्थी कंपनी के काम को सीखेंगे ऐसा करके वो तो अपना कोई बिजनेस कर सकेंगे या कंपनी में नौकरी आसानी से पा जाएंगे। - मंजि शर्मा, भटनेरा

ट्रेंड

मेडिकल कॉलेज



बीजेपी सरकार ने पीपीपी मोड और पीजीआई के सहयोग से एक मेडिकल कॉलेज स्वीकृत करने की मंजूरी दे दी है। इसके हर साल 125 एमबीबीएस छात्रों को प्रवेश दिया जाएगा।

- जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्यमंत्री

कांग्रेस की जीत



जयपुर नगर पालिकाओं के चुनावों में कांग्रेस पार्टी को मिली जीत दिखाकर, राज्य के शहरी इलाकों के मतदाताओं ने बीजेपी सरकार को एक साफ संदेश दे दिया है कि अब उनका समय पूरा हो चुका है। हम शुरू से ही कहते आ रहे हैं कि लोगों ने भजन के खिलाफ वोटिंग की है।

-अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान

वर्ड ऑफ द ईयर



कैम्ब्रिज डिक्शनरी ने 'स्लोप' (Slop) को अपना 'वर्ड ऑफ द ईयर' चुना है। एआई की सफलता को इस आधार पर नापा जाना चाहिए कि वह लोगों के जीवन को कितना बेहतर बनाता है, इसलिए मुझे लगता है कि इस संबंध के लिए इससे बेहतर कोई और शब्द नहीं हो सकता।

- बिल गेट्स, दानकर्ता

असली वारिस



इस धरती और इस पर रहने वाले हर जीव के असली वारिस हमारे बच्चे हैं। फिर भी, धन, धन और सफलता के पीछे हम यह भूलकर, हम कल को आगे बढ़ाने रहते हैं- लाखों बच्चे बेसहारा छोड़ते हुए या उनसे उनका बचपन छीनते हुए।

-कैलाश सत्यार्थी, नोबेल शांति पुरस्कार विजेता

करंट अफेयर

रोम में पुराना पुस्तकालय मरम्मत के बाद फिर खुला

मिस्र का प्रसिद्ध अलेक्जेंड्रिया पुस्तकालय भले ही नष्ट हो गया हो, लेकिन प्राचीन दुनिया के एक अन्य महत्वपूर्ण पुस्तकालय को रोम में मरम्मत के बाद इस सप्ताह फिर से आम लोगों के लिए खोला जा रहा है। अल्पिया पुस्तकालय के अवशेष सम्राट ट्राजन के फोरम में स्थित हैं। यह उस प्रसिद्ध स्तंभ के ठीक बगल में है, जो डेशिया के खिलाफ सम्राट के विजयी सैन्य अभियानों और वर्तमान रोमानिया पर रोमन साम्राज्य की विजय की याद दिलाता है। यह पुस्तकालय करीब एक सदी तक आम लोगों की पहुंच से बाहर रहा।



ऑफ बीट

जीवनकाल पर आहार प्रतिबंध या अच्छे जीन का असर

आखिरकार, यह लंबे समय से माना जाता रहा है कि ज्यादा समय तक जीने वाले लोगों के माता-पिता और दादा-दादी लंबे समय तक जीवित रहते हैं, जो यह दर्शाता है कि आनुवंशिकी दीर्घायु को प्रभावित करती है। हालांकि, सरवीर को जटिल बनाने वाली बात यह है कि हम जानते हैं कि आपकी जीवनशैली, खास तौर पर आहार और व्यायाम का योग भी बुढ़ापे में आपके स्वास्थ्य और आपके जीवन की अवधि को काफी हद तक प्रभावित करता है। जीवनशैली बनाम आनुवंशिकी क्या योगदान देती है, यह एक खुला प्रश्न है जिस पर 'नेचर' में हाल में प्रकाशित एक अध्ययन ने नयी रोशनी डाली है।



संक्षेप

युवक 100 फीट ऊंचे मोबाइल टावर पर चढ़ा

पत्नी, दो बच्चे और मां नीचे कर रहे इंतजार, पुलिस मनाने में जुटी

अमेठी , संग्रामपुर थाना क्षेत्र के कनू गांव में शनिवार सुबह एक युवक 100 फीट ऊंचे मोबाइल टावर पर चढ़ गया। पुलिस और निजी बचाव टीमें उसे सुरक्षित नीचे उतारने की कोशिश कर रही हैं। उसकी पत्नी, दो बच्चे और मां टावर के नीचे मौजूद हैं। पूरे पहाड़ पुन्नपुर निवासी अजीत के टावर पर चढ़ने की सूचना पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को खबर दी। ग्रामीण भी उसे समझाकर नीचे आने के लिए कह रहे हैं। अजीत की पत्नी रीता अपने दो बच्चों के साथ नीचे खड़ी होकर उसके उतरने का इंतजार कर रही है। उसकी मां मालती भी मौके पर पहुंची हैं। परिवार के लोग लगातार अजीत से नीचे आने की अपील कर रहे हैं। अजीत के टावर पर चढ़ने की वजह अभी साफ नहीं है। ग्रामीणों के मुताबिक, वह सुबह अचानक गांव में लगे मोबाइल टावर पर चढ़ गया और समझाने के बाद भी नीचे नहीं आया। सीओ श्वेताभ भाष्कर ने बताया कि पुलिस मौके पर है और अजीत से बात कर उसे सुरक्षित नीचे उतारने की कोशिश कर रही है। मौके पर भीड़ जमा है। पुलिस ने लोगों से टावर से दूर रहने की अपील की है, ताकि बचाव के काम में रुकावट न आए। फिलहाल अजीत को नीचे उतारने की कोशिश जारी है।

बाइक महुआ के पेड़ से टकराई, युवक की मौत

भादर-छीड़ा मार्ग पर हादसा; साथ बैठे मदनलाल वर्मा बच गए

अमेठी , भादर-छीड़ा मार्ग पर शुक्रवार को बाइक महुआ के पेड़ से टकरा गई। हादसे में बाइक चला रहे मानसिंह यादव उर्फ मोनू की मौत हो गई। उनके साथ बैठे मदनलाल वर्मा बच गए। मानसिंह यादव, दरगाही यादव के बेटे और ग्राम गहरौली, थाना कोहड़ौर के निवासी थे। वह मदनलाल वर्मा, पांचू वर्मा के बेटे, के साथ बाइक से भादर से घर जा रहे थे। रास्ते में एक मोड़ पर बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे महुआ के पेड़ से टकरा गई। हादसे में मानसिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने एंबुलेंस को सूचना दी। दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भादर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मानसिंह को मृत घोषित कर दिया।

शादीशुदा युवक मोबाइल टावर पर चढ़ा

संग्रामपुर के पूरे पहाड़ पूरनपुर में लड़की को बुलाने की मांग की; उसके आश्वासन पर नीचे उतरा

अमेठी, संग्रामपुर के पूरे पहाड़ पूरनपुर गांव में शनिवार सुबह शादीशुदा 42 वर्षीय अजीत मोबाइल टावर पर चढ़ गया। वह सुबह करीब 8 बजे कनू में बने टावर पर लगभग 100 फीट की ऊंचाई पर पहुंचा। अजीत, शीतला प्रसाद का बेटा है। फिल्म शोले में बसंती से शादी के लिए वीरू के पानी की टंकी पर चढ़ने जैसा यह मामला सामने आया। टावर पर युवक के चढ़ने की खबर फैलने के बाद आसपास के लोग वहां जमा हो गए। सूचना पर संग्रामपुर पुलिस भी पहुंची और अजीत से नीचे उतरने को कहा। अजीत की पत्नी रीता भी बच्चों के साथ मौके पर पहुंची।

संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं

शेष शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण के लिए अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

155 में 12 शिकायतों का मौके पर निस्तारण

डीएम ने एक-एक फरियादी की सुनी पीड़ा

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। तहसील कैसरगंज में शनिवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय की निगरानी में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 155 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 12 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सौंपते हुए शीघ्र जांच कर गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए गए। समाधान दिवस में जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने एक-एक फरियादी की शिकायत को गंभीरतापूर्वक सुना। जिन मामलों में तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता थी, उनमें संबंधित विभाग के अधिकारियों को मौके पर बुलाकर स्वयं स्थलीय निरीक्षण करते हुए शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित कराने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही या हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रत्येक शिकायत का निष्पक्ष परीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी के इस सक्रिय रुख और फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर तत्काल अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश देने से शिकायतकताओं में उम्मीद जगी। फरियादियों ने कहा कि यदि इसी तरह उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनकर त्वरित कार्रवाई होती रही तो उन्हें न्याय के लिए भटकना नहीं पड़ेगा इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक बहराइच विश्वजीत श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी कैसरगंज डीके श्रीवास्तव, उपजिलाधिकारी कैसरगंज, तहसीलदार कैसरगंज सहित जिले एवं तहसील के विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

गैंगस्टर एक्ट में 25 हजार का इनामी अभियुक्त गिरफ्तार

कैसरगंज पुलिस को मिली सफलता

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कैसरगंज पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गैंगस्टर एक्ट में वांछित 25 हजार रुपये के इनामी अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अभियुक्त को शनिवार सुबह करीब 5:15 बजे तख्ता बदरौली पुलिया के पास से गिरफ्तार किया।

पुलिस अधीक्षक बहराइच विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देश पर अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी कैसरगंज के पर्यवेक्षण में कोतवाली प्रभारी राजकुमार पांडेय के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की।

गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान मुलायम उर्फ राकेश पुत्र अर्जुन, उम्र करीब 30 वर्ष, निवासी भगतरामपुरवा, मजरा बदरौली, थाना कैसरगंज, जनपद बहराइच के रूप में हुई है। अभियुक्त के खिलाफ मुकदमा अपराध संख्या 291/26, धारा 3(1) उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम 1986 के तहत मामला दर्ज था। उसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित था।

पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त को आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद न्यायालय बहराइच रवाना कर दिया।

गोकुलपुर में देसी शराब की दुकान का शटर तोड़कर चोरी, करीब 400 पौवा शराब ले उड़े चोर

सीसीटीवी कैमरा भी खोलकर ले गए चोर, दुकान संचालक ने थाने में दी तहरीर

अमन लेखनी समाचार

आर एन तिवारी



शिवपुर, बहराइच। जिले के कोतवाली नानपारा क्षेत्र के गोकुलपुर में चोरों ने देसी शराब की दुकान को निशाना बनाते हुए चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया। देर रात दुकान का शटर तोड़कर अंदर घुसे चोर करीब 400 पौवा देसी शराब चोरी कर ले गए। इतना ही नहीं, चोर दुकान में लगा सीसीटीवी कैमरा भी खोलकर अपने साथ ले गए, ताकि उनकी पहचान न हो सके। दुकान के मालिक अभय वर्मा के मुताबिक, चोरों ने रात के समय शटर तोड़कर दुकान में प्रवेश किया और वहां रखी शराब समेटकर फरार हो गए। सुबह घटना की जानकारी होने पर दुकान मालिक को सूचना दी गई। इसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को देते हुए थाने में तहरीर दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और चोरों की तलाश में जुट गई है। वहीं, क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

सालाना उर्स के मौके पर कव्वाली का आयोजन

हजारों की संख्या में दर्शक रहे मौजूद, बरेली और दिल्ली की कव्वालो ने जमकर साधा मुकाबला

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत कुडोनी में सालाना उर्स का आयोजन किया गया जिसमें दिल्ली और बरेली के कव्वालों ने जमकर कव्वालियां पड़ कर लोग का दिल जीत लिया

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कुडोनी में हजरत जंग अली पीर रहमतुल्लाह आलेह की दरगाह पर सालानाउर्स का आयोजन किया गया इस आयोजन में हजारों की संख्या में पुरुष और महिलाओं मौजूद रही बरेली आए कव्वाल ताहिर चिश्ती ने पढ़ा कि मेरे सनम को बुलाया है वह आता होगा वह आता होगा वही दिल्ली की मशहूर कव्वाल आसिफ मलिक ने पढ़ा अजमेर की गलियों में खुदा का नूर बरसता है क्षेत्रीय कलाकार मशहूर युटुबर टीपू ने पढ़ा दमा दमा मस्त कलंदर अली का पहला नंबर है इन सब कायलियों के आयोजन में श्रोताओं ने पूरी रात कव्वाली का आनंद लिया और नोटों की गड्डियां उड़ाकर उनका मान सम्मान बढ़ाया कव्वाली का आयोजन मजहर अंसारी के नेतृत्व में किया गया मेला प्रबंधक इमरान सैयद वरिष्ठ समाजसेवी मुहीब अहमद ,मोहम्मद शानू, अली रेहान अहमद रजी काजी क्षेत्र पंचायत सदस्य जियाउद्दीन इमरान चिश्ती, मोहम्मद राशिद,छब्बन खान सहित कमेटी के सदस्य मौजूद रहे वहीं वही मेला कमेटी के सदस्यों को वरिष्ठ समाजसेवी द्वारा अंग वस्त्र देकर उन्हें सम्मानित किया गया। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस प्रशासन मौके पर मौजूद रहा

झाड़-फूंक के दौरान किशोर की मौत, पानी पीने के बाद बिगड़ी हालत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। बांगरमऊ थाना क्षेत्र में झाड़-फूंक कराने ले जाए गए 13 वर्षीय किशोर की शुक्रवार रात मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि गांव बिलियान के पास एक बाबा के यहां पानी पीने के बाद उसकी हालत बिगड़ी थी।मृतक की पहचान दीपांशु (13), पुत्र स्वर्गीय सुखवीर, निवासी गरहरियन खेड़ा, थाना बांगरमऊ के रूप में हुई है।



परिजनों के मुताबिक, दीपांशु की तबीयत खराब थी, इसलिए वे उसे झाड़-फूंक कराने बाबा के पास ले गए थे।

परिजनों का कहना है कि बाबा ने दीपांशु को पानी पिलाया। इसके कुछ ही देर बाद उसकी हालत बिगड़ गई और उसकी मौत हो गई। मौत की वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही साफ होगी। दीपांशु चार भाइयों और चार बहनों में सबसे छोटा था। उसके पिता सुखवीर की पहले ही मौत हो चुकी थी। वह पढ़ाई कर रहा था। शनिवार दोपहर पोस्टमार्टम हाउस में परिजनों ने घटना की जानकारी दी।

सात साल बाद सुलझी एफडी की समस्या

अमेठी में बेटे की मौत के बाद 2 लाख की एफडी के लिए 7 साल भटकी मां

अमन लेखनी समाचार



अमेठी , बेटे की मौत के बाद सरकारी योजना के तहत मिलने वाली 2 लाख रुपए की एफडी के लिए एक मां सात साल तक बैंक और विभाग के चक्कर लगाती रही। शुक्रवार को जिलाधिकारी शशांक चौधरी के सामने शिकायत पहुंची तो मामले का समाधान कराया गया। चंद्रावती को बताया गया कि जरूरी दस्तावेजों के अभाव में एफडी नहीं बन सकी थी।

2019 में बेटे की मौत के बाद किया था आवेदन

तहसील अमेठी के कोरारी गिरधरशाह गांव निवासी चंद्रावती ने बताया कि उनके बेटे की 13 जून 2019 को मौत हो गई थी। उनका श्रम विभाग में पंजीकरण था। उन्होंने निर्माण कामगार मृत्यु, विकलांगता एवं अक्षमता पेंशन योजना के तहत सहायता के लिए आवेदन किया था। योजना के तहत उन्हें 25 हजार रुपए मिले थे, जबकि 2 लाख रुपए की एफडी पंजाब नेशनल बैंक की अमेठी शाखा में होनी थी।

बैंक पहुंचीं तो पता चला नहीं बनी एफडी

एफडी की अवधि पूरी होने के बाद चंद्रावती बैंक पहुंचीं तो पता चला कि उनके नाम से एफडी बनी ही नहीं है। इसके बाद उन्होंने जिलाधिकारी से शिकायत कर समस्या के समाधान की मांग की। डीएम ने सहायक श्रमायुक्त को मामले की जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

जरूरी दस्तावेज लेकर बैंक नहीं पहुंची थीं

सहायक श्रमायुक्त ने श्रम परिवर्तन अधिकारी को मौके पर भेजकर जांच कराई। इसमें पता चला कि अंत्येष्टि सहायता योजना के तहत चंद्रावती को 25 हजार रुपए दिए जा चुके थे। वहीं, 2 लाख रुपए की एफडी के लिए पहले ही बैंक प्रबंधक को पत्र भेजा गया था, लेकिन लाभार्थी जरूरी दस्तावेज लेकर बैंक नहीं पहुंची थीं। इस वजह से एफडी नहीं बन सकी। एक दिन में शिकायतों के समाधान का अभियाननई शिकायत मिलने पर विभाग ने दोबारा जांच कर चंद्रावती को पूरी स्थिति बताई।

मामले का समाधान होने पर उन्होंने संतुष्टि जताते हुए जिलाधिकारी का आभार माना।

राशन की ब्लैक मार्केटिंग करने वाले 4 लोगों पर मुकदमा दर्ज

अलीगढ़ में 13 नवंबर को खाद्य विभाग ने छापा मारा था, सरकारी अनाज पकड़ा था

अमन लेखनी समाचार



अलीगढ़ , गरीबों को मिलने वाले सरकारी राशन की कालाबाजारी का मामला सामने आया है। राशन कार्डधारकों से सस्ते दामों पर चावल खरीदकर उसे बाजार में महंगे दामों पर बेचा जा रहा था। इसके लिए फेरी वालों और छोटे कारोबारियों की मदद ली जाती थी। चावल को गोदाम और राइस मिल में इकट्ठा करने के बाद एनसीआर में सप्लाई किया जाता था। इस मामले में गभाना की अनंत राइस मिल के संचालक रजत चौहान और खैर रोड पर गोदाम चलाने वाले भोला ठाकुर समेत चार लोगों के खिलाफ देहली गेट थाने में मुकदमा दर्ज दर्ज हुई है। रजत के खिलाफ वर्ष 2023 में भी इसी तरह के मामले में मुकदमा दर्ज हुआ था।

13 नवंबर को शिकायत पर गोदाम में छापा

गंगा धर्मकांटा के पास खैर रोड स्थित गोदाम में चावल की कालाबाजारी की शिकायत 12 नवंबर को गगन ने मंडलायुक्त से की थी। इसके बाद 13 नवंबर को खाद्य विभाग की टीम ने शाम करीब 4:30 बजे गोदाम पर छापा मारा। मौके पर रजत चौहान मिला। गोदाम में बड़ी संख्या में चावल के कट्टे रखे थे। इन पर किसी फर्म का नाम, कीमत या दूसरी जरूरी जानकारी नहीं लिखी थी। कुछ कट्टों पर आटा, मैदा और सूजी लिखा हुआ था।

250 बताए, जांच में मिले 314 कट्टे

छापेमारी के समय रजत ने गोदाम में 250 कट्टे और करीब 19 टन चावल होने की जानकारी दी थी। 17 नवंबर को विभाग ने दोबारा गोदाम पहुंचकर जांच की। इस दौरान 314 कट्टे मिले। इनका कुल वजन 18.54 टन था। जांच में कट्टों की संख्या और पहले दी गई जानकारी में अंतर मिला।

जांच में सरकारी राशन का चावल मिला

विभाग ने चावल की जांच कराई तो वह सरकारी राशन योजना में बांटे जाने वाले फोटीर्फाइड चावल के अनुरूप मिला। इसके बाद टीम ने पूरा चावल कब्जे में लेकर लोधा के सरकारी राशन विक्रेता विद्याराम शर्मा की सुपुर्दगी में दे दिया। उन्हें चावल सुरक्षित रखने के निर्देश दिए गए।गोदाम और राइस मिल से जुड़े तार विभागीय जांच में सामने आया कि खैर रोड स्थित गोदाम भोला ठाकुर की संपत्ति में है। गोदाम के संचालन और निगरानी की जिम्मेदारी भी उसी की बताई गई है।

शादी की खरीदारी से लौट रहे दंपती को ट्रैक्टर ने मारी टक्कर, पत्नी की मौत, पति घायल

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। मौरावां थाना क्षेत्र में पारा मोड़ के पास शनिवार को ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार रूमी (24) की मौत हो गई। उनके पति संतोष घायल हो गए। दंपती परिवार में होने वाली शादी के लिए खरीदारी कर घर लौट रहे थे।

परिजनों ने बताया कि संतोष खेती-किसानी करते हैं। उनके चाचा की बेटी सपना की शादी दो दिसंबर को होनी है। शादी के लिए कपड़े और अन्य सामान खरीदने संतोष और रूमी बाजार गए थे। वे साड़ी और कपड़े लेकर बाइक से लौट रहे थे, तभी पीछे से आए ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

परिजनों के मुताबिक, ट्रैक्टर विनोद पांडे चला रहे थे। टक्कर के बाद दंपती सड़क पर गिर गए और रूमी की मौके पर ही मौत हो गई। संतोष को अंदरूनी चोटें आईं और फ्रैक्चर होने की बात भी परिजनों ने बताई। उन्हें अस्पताल ले जाया गया। बाद में वे घर लौट आए। परिजनों का आरोप है कि हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक ने संतोष से बाइक की चाबी मांगी और अस्पताल ले जाने के लिए अपनी गाड़ी लाने की बात कही। इसके बाद वह मौके से चला गया और वापस नहीं आया। परिजनों ने चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

शनिवार दोपहर करीब दो बजे पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजनों ने घटना की जानकारी दी। रूमी और संतोष की शादी करीब चार साल पहले हुई थी। उनकी तीन साल की बेटी प्रिया है।

जिस घर में दो दिसंबर को बारात आने की तैयारी थी, वहां अब चीख-पुकार मची है। परिजनों ने मामले में निष्पक्ष जांच और दोषी चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

कुल्हाड़ी से हमला करने का आरोपी गिरफ्तार

प्रतापगढ़ में पानी निकास के विवाद में दो लोग घायल

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ , बाघराय थाना क्षेत्र के चकवड़ गांव में मकान के पानी निकास को लेकर हुए विवाद में कुल्हाड़ी से हमला करने के आरोपी श्यामू पाण्डेय (38) को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। हमले में दो लोग घायल हुए थे। पुलिस के मुताबिक, करीब एक सप्ताह पहले वादी के बड़े भाई और उसके चचेरे भाई श्यामू पाण्डेय के बीच पानी निकास को लेकर विवाद हुआ था। आरोप है कि श्यामू ने गाली-गलौज के बाद कुल्हाड़ी से वादी के भाई के सिर पर वार किया।

जान से मारने की धमकी देकर आरोपी मौके से फरार

वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बीच-बचाव करने पहुंचे वादी के भतीजे की गर्दन के पीछे भी आरोपी ने कुल्हाड़ी से वार किया। वह भी घायल हो गया। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया था। पीड़ित की शिकायत पर बाघराय पुलिस ने मारपीट और हत्या के प्रयास समेत संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया था शनिवार दोपहर करीब दो बजे पुलिस ने बताया कि चेकिंग के दौरान श्यामू पाण्डेय को बाघराय थाना क्षेत्र के जबलपुर पुलिया चौराहे के पास से गिरफ्तार किया गया।

शटडाउन के दौरान बिजली चालू होने से लाइनमैन झुलसा

सरखेलपुर गांव में युवक को करंट लगा, हालत गंभीर होने पर प्रयागराज रेफर

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़, बेलखरनाथ धाम के दिलीपपुर थाना क्षेत्र के सरखेलपुर गांव में बिजली लाइन पर काम कर रहे लाइनमैन राजकेसर यादव को करंट लग गया। वह शटडाउन लेकर मरम्मत कर रहे थे, तभी बिजली सप्लाई चालू हो गई। वह गंभीर रूप से झुलस गए। मेडिकल कॉलेज में इलाज के बाद उन्हें प्रयागराज रेफर किया गया। जानकारी के मुताबिक, राजकेसर यादव बिजली के खंभे पर लाइन की मरम्मत कर रहे थे। इसी दौरान सप्लाई बहाल हुई और वह करंट की चपेट में आ गए घटना के बाद यह सवाल उठ रहा है कि शटडाउन के बावजूद बिजली किसके निर्देश पर और कैसे चालू हुई। सप्लाई बहाल करने से पहले संबंधित कर्मचारियों से संपर्क किया गया था या नहीं, इसकी जांच की जाएगी। जेई की निगरानी में काम होने के बावजूद यह घटना कैसे हुई, इसका जवाब भी जांच के बाद सामने आएगा। क्षेत्र में बिजली लाइन काटने और जोड़ने के नाम पर कथित वसूली की बातें भी सामने आई हैं। इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। मामले की जांच कराने की मांग उठ रही है।कर्मचारियों ने शटडाउन की प्रक्रिया, सप्लाई चालू करने की अनुमति और सुरक्षा नियमों की जांच की मांग की है। उन्होंने लापरवाही मिलने पर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी की। विद्युत विभाग के जेई जयराज राजपूत ने बताया कि घायल को इलाज के लिए भेजा गया है और घटना के कारण की जांच कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि दोषी बिजली कर्मचारियों के खिलाफ जांच के बाद विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

संक्षेप

80 पेटी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

बोलेरो क्रेन से चंडीगढ़ से बिहार ले जा रहे थे शराब, 47 बीयर केन भी मिलीं

बागपत , चांदीनगर थाना पुलिस और स्वाट टीम ने चेकिंग के दौरान दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया। बोलेरो क्रेन से 80 पेटी शराब और 47 बीयर केन मिलीं। पुलिस के मुताबिक, आरोपी चंडीगढ़ से शराब लेकर बिहार जा रहे थे। वहां इसकी सप्लाई की जानी थी। उनके दो साथी मौके से फरार हो गए। पुलिस उनकी तलाश कर रही है। बागपत के एडिशनल एसपी प्रवीण सिंह चौहान ने दोपहर 2:40 बजे मीडिया सेल के जरिए बताया कि पुलिस को शराब तस्करी की सूचना मिली थी। इसके बाद टीम ने मौके पर पहुंचकर संदिग्ध गाड़ी रोकी। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान हरियाणा निवासी राजेश पुत्र बालवीर और संदीप पुत्र रामचरण के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, संदीप पहले भी खेकड़ा कोतवाली में शराब तस्करी के मामले में जेल जा चुका है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने जांच से बचने के लिए बोलेरो क्रेन का इस्तेमाल किया था। फरार दोनों साथियों की तलाश जारी है।

महिला ने पड़ोसियों पर मारपीट और धमकी का आरोप लगाया

बिनौली थाने में दी तहरीर, जातिसूचक शब्द बोलने और घर से सामान ले जाने का भी आरोप

बागपत। बिनौली थाना क्षेत्र के जीवाना गुलियान गांव में पड़ोसियों के बीच विवाद का मामला सामने आया है। एक महिला ने पड़ोस में रहने वाली महिला और उसके परिवार पर गाली-गलौज, मारपीट, जान से मारने की धमकी देने और जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करने के आरोप लगाए हैं। पीड़िता ने बिनौली थाने में शिकायती पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई और परिवार की सुरक्षा की मांग की है। गांव जीवाना गुलियान निवासी बबली पत्नी राजीव के अनुसार, वह आर्य कन्या इंटर कॉलेज जीवाना गुलियान में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर कार्यरत है। आरोप है कि 9 नवंबर 2026 को उसका पड़ोस में रहने वाली बबली पत्नी देवेंद्र के साथ झगड़ा हो गया था। इस दौरान उसके भतीजे मनीष पुत्र अशोक के साथ भी विवाद और मारपीट की गई। पीड़िता का आरोप है कि उसके और उसके भतीजों के साथ मारपीट हुई थी, जिसकी शिकायत पुलिस से की गई थी। बबली के मुताबिक, इस मामले में आरोपियों के जमानत पर बाहर आने के बाद से ही विवाद लगातार बढ़ रहा है। आरोप है कि आरोपी पक्ष आए दिन उसके और उसके भतीजों के साथ गाली-गलौज और मारपीट करने की फिराक में रहता है। पीड़िता का यह भी आरोप है कि उसके भतीजे को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी जा रही है, जिससे परिवार को जान-माल का खतरा बना हुआ है। शिकायती पत्र में महिला ने आरोप लगाया कि जब वह घर पर मौजूद नहीं होती तो आरोपी उसके घर में घुस जाते हैं और सामान उठाकर ले जाते हैं। साथ ही उसके बच्चों के साथ मारपीट करने और जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करने का भी आरोप लगाया है। पीड़िता ने पुलिस से पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कराने और आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। फिलहाल महिला ने पुलिस से अपने परिवार की सुरक्षा की गुहार लगाई है।

महिला ने दो बच्चों के साथ फाफामऊ पुल से छलांग लगाई

प्रयागराज पुलिस और एनडीआरएफ ने तीनों को बचाया, रेस्क्यू का वीडियो वायरल

अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज , घरेलू कलह से परेशान एक महिला ने अपनी दो मासूम बेटियों के साथ फाफामऊ ब्रिज से गंगा नदी में छलांग लगा दी। घटना से घाट पर अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, घाट पर तैनात जल पुलिस के जवानों ने तत्परता दिखाते हुए नदी में रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया और महिला समेत दोनों बच्चियों को सकुशल बाहर निकाल लिया। महिला की हालत बिगड़ने पर उसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। जल पुलिस के जवानों ने तत्परता दिखाते हुए नदी में से उसने अपनी दोनों बेटियों को साथ लेकर ब्रिज से गंगा नदी में छलांग लगा दी। पुलिसकर्मियों ने तीनों को सुरक्षित निकाला महिला और दोनों बच्चियों को नदी में कूदता देखकर घाट पर मौजूद लोगों में देख लिया। इसी दौरान घाट पर तैनात जल पुलिस के जवानों ने बिना देर किए नदी में उतरकर रेस्क्यू शुरू कर दिया। पुलिसकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद तीनों को नदी से सुरक्षित बाहर निकाल लिया। महिला को अस्पताल भेजा गया रेस्क्यू के बाद महिला की हालत बिगड़ने पर उसे उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा गया।



शिवकुटी थाना क्षेत्र के फाफामऊ ब्रिज पर पहुंची थी। उसकी दोनों बेटियों की उम्र करीब 10 और 8 साल बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि महिला घरेलू कलह से परेशान थी। इसी वजह

ब्लैक स्कॉर्पियो से आए चोर, डेढ़-लाख की सिगरेट ले गए

दुकान का शटर उठाकर चोरी, 15 हजार रुपये नकद भी ले गए;

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज , ब्लैक स्कॉर्पियो से आए चोरों ने किराने की दुकान में चोरी की। चोर दुकान से करीब डेढ़ लाख रुपये की सिगरेट और लगभग 15 हजार रुपये नकद चोरी कर ले गए। इसके बाद स्कॉर्पियो से ही निकल गए। घटना दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। जिसमें दिख रहा है कि चोर स्कॉर्पियो से आते है। दो लोग नीचे उतरते है। दुकान का शटर का ताला तोड़कर अंदर जाते है। इसके थोड़ी देर बाद स्कॉर्पियो से फरार हो जाते है। घटना नैनी के शंकर ढाल स्थित मोहन ट्रेडर्स की है। मोहन ट्रेडर्स के संचालक मोहनलाल प्रयागराज के साउथ मलाका में रहते हैं। शनिवार 21 नवंबर की सुबह करीब 4:19 बजे दुकान में चोरी होने की जानकारी मिली। इसके बाद दुकान संचालक मौके पर पहुंचे तो शटर उठा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो दुकान का सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर पता चला कि दुकान से करीब डेढ़ लाख रुपये की सिगरेट और 15 हजार रुपये नकद गायब थे।

ब्लैक स्कॉर्पियो से पहुंचे थे चोर

इसके बाद मोहनलाल ने दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी चेक किए तो पता चला कि चोर ब्लैक स्कॉर्पियो से आए थे। वीडियो में दिख रहा है कि एक स्कॉर्पियो आकर मोहन ट्रेडर्स के सामने रूकती है स्कॉर्पियो से दो लोग नीचे उतरते है। इसके बाद दुकान का शटर का ताला तोड़कर अंदर जाते है। इसके 20 मिनट बाद दोनों स्कॉर्पियो से फरार हो जाते है। स्कॉर्पियो वहां से जाते हुए सीसीटीवी में दिख रही है।

रात 3 बजे शटर तोड़कर चोरी, राहगीर ने दी सूचना

दुकानदार मोहनलाल ने बताया- चोर रात करीब 3 बजे दुकान का शटर तोड़कर सामान ले गए। करीब एक से डेढ़ लाख रुपये की सिगरेट चोरी हुई है। इसके अलावा 10 से 15 हजार रुपये नकद भी गायब हैं। राह चलते एक व्यक्ति ने फोन कर दुकान का शटर खुला होने की जानकारी दी थी।

मेरठ में पुरानी रंजिश में दो पक्षों ने पथराव किया

एक पक्ष के लोग छत पर चढ़कर फेंकने लगे पत्थर, पुलिस आरोपियों की पहचान कर रही

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , सरूरपुर थाना क्षेत्र के मैनापुट्ठी गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच पथराव हुआ। एक पक्ष के लोग मकान की छत पर चढ़कर दूसरे पक्ष पर पत्थर फेंकने लगे। घटना का वीडियो वायरल हो गया है। जानकारी के अनुसार, गांव के गुलफाम पुत्र मेहरबान और फिरोज पुत्र अफजाल के बीच काफी समय से रंजिश चल रही है। दोनों पक्ष आमने-सामने आए। पहले कहासुनी हुई, फिर गाली-गलौज शुरू हो गई। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच पथराव हुआ। वीडियो में एक पक्ष के लोग छत से पत्थर फेंकते दिख रहे हैं। वीडियो बना रहा व्यक्ति थाना प्रभारी से कहता सुनाई दे रहा है, ह्यदेखिए एसओ साहब, किस तरह छत से पथराव कर बदमाशी की जा रही है। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस की कार्रवाई और मौके पर मौजूदगी को लेकर सवाल उठ रहे हैं। हालांकि, वीडियो में दिख रहे घटनाक्रम के सभी पहलुओं की पुष्टि होना बाकी है। थाना पुलिस के मुताबिक, सूचना मिलने पर टीम मौके पर पहुंची थी। पुलिस को देखकर विवाद में शामिल लोग वहां से चले गए। पुलिस वायरल वीडियो के आधार पर पत्थर फेंकने वालों की पहचान कर रही है। थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

17 केंद्रों पर असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा संपन्न

45 मिनट पहले बंद हुए गेट, अभ्यर्थियों ने दोनों पालियों के पेपर को बताया आसान

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग की ओर से आयोजित सहायक आचार्य (असिस्टेंट प्रोफेसर) भर्ती परीक्षा संपन्न हो गई। जिले में परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई। दोनों पालियों में परीक्षा देकर बाहर निकले अभ्यर्थियों ने पेपर को आसान बताया। उनका कहना था कि सभी सवाल निर्धारित सिलेबस के अंदर से ही पूछे गए थे। कोई भी प्रश्न ऐसा नहीं था, जिसे देखकर लगा हो कि वह सिलेबस से बाहर है। अभ्यर्थियों के मुताबिक पेपर हल करने में समय प्रबंधन को लेकर भी कोई खास परेशानी नहीं हुई।

दो पालियों में हुई परीक्षा

परीक्षा की पहली पाली सुबह 9:30 से 11:30 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 2:30 से शाम 4:30 बजे तक आयोजित की गई। पहली पाली के लिए सुबह 7:15 बजे और दूसरी पाली के लिए दोपहर 12:15 बजे से अभ्यर्थियों को केंद्रों में प्रवेश दिया गया। परीक्षा शुरू होने से 45 मिनट पहले दोनों पालियों में केंद्रों के गेट बंद कर दिए गए। निर्धारित समय के बाद पहुंचने वाले अभ्यर्थियों को प्रवेश नहीं दिया गया।

एडमिट कार्ड और फोटो आईडी की हुई जांच

परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश से पहले अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड और फोटोयुक्त पहचान पत्र की जांच की गई। इसके साथ ही बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन के तहत अभ्यर्थियों का फोटो और आइरिस स्कैन भी लिया गया। परीक्षा पेन-पेपर आधारित रही। इसमें एमसीक्यू प्रकार के 120 प्रश्न पूछे गए, जिनके उत्तर अभ्यर्थियों ने ओएमआर शीट पर दिए।

मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक गैजेट पर रही रोक

परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट और अन्य प्रतिबंधित सामग्री ले जाने की अनुमति नहीं थी। अभ्यर्थियों के साथ कक्ष निरीक्षकों की भी तलाशी ली गई। प्रत्येक केंद्र पर सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट और कक्ष निरीक्षकों की तैनाती रही। परीक्षा समाप्त होने के बाद ओएमआर शीट की पैकिंग तक की प्रक्रिया सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में पूरी कराई गई।

नकली दवा के खिलाफ खैरनगर के दवा कारोबारी एकजुट

बोले- इसे बनाने और बेचने वालों के घर बुलडोजर चले, संपत्ति जब्त की जाए

अमन लेखनी समाचार



मेरठ,हिमाचल प्रदेश के सोलन में नकली दवाओं की फैक्ट्री पकड़े जाने के बाद मेरठ के दवा बाजार में भी खलबली मची हुई है। एशिया के सबसे बड़े दवा बाजारों में शुमार खैरनगर के कारोबारियों को अब अपने कारोबार की साख और भविष्य की चिंता सताने लगी है। नकली दवाओं के कारोबार में मेरठ का नाम सामने आने से नाराज दवा कारोबारियों ने बैठक कर ऐसे लोगों के खिलाफ खुलकर मोर्चा खोल दिया। कारोबारियों ने एक सुर में कहा कि चंद लोगों के लालच की वजह से पूरे दवा बाजार को बदनाम नहीं होने दिया जाएगा। नकली दवा बनाने और बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए!! बैठक में कारोबारियों ने कई अहम फैसले लिए। तय किया गया कि जल्द ही जिला प्रशासन और ड्रग विभाग के अधिकारियों से मुलाकात कर नकली दवा के कारोबार में शामिल लोगों के नाम और उनके नेटवर्क का खुलासा करने की मांग की जाएगी।

बेचने वालों पर हो ज्यादा कार्रवाई : मनोज शर्मा

दवा कारोबारी मनोज शर्मा का कहना है कि नकली दवाएं बनाने वालों के खिलाफ तो कार्रवाई होनी ही चाहिए लेकिन उनसे भी ज्यादा सख्ती उन लोगों पर होनी चाहिए जो इन दवाओं को बाजार में बेचते हैं। ऐसे कारोबारी भी उतने ही जिम्मेदार हैं क्योंकि उनके माध्यम से नकली दवाएं आम लोगों तक पहुंचती हैं।

नरमी बरतने का सवाल ही नहीं : गुड्डू

मोइनुद्दीन अहमद उर्फ गुड्डू का कहना है कि नकली दवाओं के कारोबार में शामिल लोगों के साथ किसी तरह की नरमी नहीं बरती जानी चाहिए। ये लोग अपने मुनाफे के लिए मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़ करते हैं।

मशीन की चपेट में आने से बच्चे की मौत

गाजियाबाद में परिजनों ने फैक्ट्री के बाहर हंगामा किया, मालिक पर लापरवाही का आरोप

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद , कविनगर में फैक्ट्री की मशीन की चपेट में आने से 8 साल के बच्चे की मौत हो गई। हादसा दोपहर करीब 3:30 बजे हुआ। बच्चे के सिर और हाथ में गंभीर चोटें आई थीं। अस्पताल में इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। परिजनों ने फैक्ट्री मालिक पर सुरक्षा में लापरवाही का आरोप लगाते हुए फैक्ट्री के बाहर हंगामा किया। आर्यन पुत्र राधेश्याम मंगलवार दोपहर फैक्ट्री के अंदर चला गया था। वहां मशीन चालू थी। इसी दौरान वह मशीन की चपेट में आ गया। हादसे के बाद परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे और भर्ती कराया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बेटे की मौत की खबर से परिवार में मातम छा गया। आर्यन के पिता राधेश्याम करीब 20 साल से गाजियाबाद की एक फैक्ट्री में चौकीदारी कर रहे हैं। परिवार में पत्नी संगीता, बड़ी बेटी कोमल और छोटा बेटा आर्यन था। परिजनों का आरोप है कि फैक्ट्री में सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे। इसी लापरवाही के कारण बच्चा हादसे का शिकार हुआ। कविनगर थाना प्रभारी अनुराग शर्मा ने बताया कि परिजनों की ओर से शिकायती पत्र दिया गया है। पुलिस शिकायत के आधार पर मामले की जांच कर रही है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

अस्पतालों की समस्याओं और नई चिकित्सा तकनीकों पर हुई चर्चा

आईएमए हॉस्पिटल बोर्ड ऑफ इंडिया की यूपी स्टेट कॉन्फ्रेंस-2026 आयोजित

अमन लेखनी समाचार



मेरठ,चिकित्सा शिक्षा, आधुनिक इलाज की तकनीकों और अस्पतालों के संचालन में आने वाली समस्याओं पर चर्चा के लिए आईएमए हॉस्पिटल बोर्ड ऑफ इंडिया की यूपी स्टेट कॉन्फ्रेंस-2026 आयोजित की गई। इसमें प्रदेशभर के डॉक्टरों के साथ संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों और राष्ट्रीय स्तर के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का आयोजन कटअ मेरठ ब्रांच और आईएमए हॉस्पिटल बोर्ड ऑफ इंडिया मेरठ चैप्टर की ओर से संयुक्त रूप से किया गया। इसमें सीएमई, विशेषज्ञ व्याख्यान और अस्पतालों की समस्याओं पर पैनल डिस्कशन हुआ। सीएमई में फरश वायरस, बिगड़ते हार्ट फेलियर, कउव विदाउट वॉल्स, लोकलाइज्ड कैंसर में इम्यूनोथेरेपी, मूवमेंट डिसऑर्डर में डीप ब्रेन स्टिमुलेशन और प्रोस्टेट कैंसर में तकनीक जैसे विषयों पर विशेषज्ञों ने जानकारी दी। न्यूटेमा, मेरठ मेदांता, मेदांता द मेडिसिटी गुरुग्राम और मैक्स सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल साकेत के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने व्याख्यान दिए। इसमें मेदांता के चार और मैक्स के एक विशेषज्ञ वक्ता शामिल रहे।

अस्पतालों की समस्याओं पर हुआ पैनल डिस्कशन

आईएमए मेरठ हॉस्पिटल बोर्ड ऑफ इंडिया के सचिव और अमर हॉस्पिटल के कंसल्टेंट पीडियाट्रिशियन डॉ. ध्रुव वशिष्ठ ने बताया कि कॉन्फ्रेंस का उद्देश्य अस्पताल संचालकों और डॉक्टरों को रोजमर्रा के काम में आने वाली चुनौतियों के समाधान के लिए एक मंच देना है। अस्पतालों में डॉक्टरों और स्टाफ के साथ होने वाला आक्रामक व्यवहार, नेशनल एक्रिडिटेशन बोर्ड से जुड़ी जरूरतें और अस्पताल संचालन के लिए जरूरी प्रक्रियाओं जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का प्रमुख हिस्सा अस्पतालों की व्यावहारिक समस्याओं पर पैनल डिस्कशन रहा। इसमें एसएसपी, फायर विभाग के अधिकारी, प्रदूषण विभाग के अधिकारी और सीएमओ को भी आमंत्रित किया गया। डॉक्टरों ने अस्पतालों के संचालन में आने वाली समस्याओं और उनके समाधान को लेकर अपने विचार रखे।

हॉस्पिटल बोर्ड ऑफ इंडिया, उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष डॉ. सुशील कुमार जैन ने बताया कि बोर्ड का उद्देश्य अस्पताल संचालकों की समस्याओं को समझना और उनके समाधान के लिए प्रयास करना है।

नोएडा में बुजुर्ग का मोबाइल क्लोन कर 13.53 लाख ठगे

डिमैट अकाउंट खोलने के बहाने लिया था फोन, घर पहुंच कर निवेश का दिया था झांसा

अमन लेखनी समाचार



ग्रेटर नोएडा ,वेस्ट में साइबर ठगी का हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां 79 साल के बुजुर्ग को डिमैट खाता खुलवाने और निवेश से मुनाफा कमाने का झांसा देकर 13.53 लाख रुपये ठग लिए गए। आरोपी उनके घर पहुंचा था। उसने बातचीत के दौरान बुजुर्ग का भरोसा जीता और डिमैट खाता खुलवाने के बहाने उनका मोबाइल फोन ले लिया। आरोप है कि इसी दौरान मोबाइल क्लोन कर बैंक खाते से रकम निकाल ली गई। पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने में दर्ज कराई शिकायत में बताया कि कुछ महीने पहले ऋषभ उर्फ मोहम्मद शरीफ नाम का व्यक्ति उनके घर आया था। उसने निवेश के फायदे गिनाते हुए डिमैट खाता खुलवाने की बात कही। उसकी बातों में आकर बुजुर्ग ने उसे अपना मोबाइल फोन दे दिया। जानकारी के बिना खुलवाया खाता आरोपी ने इसी दौरान मोबाइल को क्लोन कर लिया। इसके बाद बुजुर्ग के बैंक खाते से अलग-अलग लेनदेन के जरिए 13,53,931.67 रुपये निकाल लिए।

नई गाड़ियों में खराबी पर ग्राहकों का शोरूम में हंगामा

पुलिस ने शांत कराया, ग्रेटर नोएडा में नई स्कॉर्पियो का स्टीयरिंग लॉक हुआ था

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर,ग्रेटर नोएडा में नई गाड़ियों में तकनीकी खराबी आने से नाराज ग्राहकों ने बीटा-2 थाना क्षेत्र के महिंद्रा शोरूम में हंगामा किया। ग्राहक अपनी गाड़ियों की समस्याओं को लेकर शोरूम पहुंचे और विरोध जताया। उनका आरोप है कि गाड़ियां खरीदने के कुछ ही किलोमीटर बाद खराब होने लगीं। ग्राहकों के मुताबिक, किसी की गाड़ी 200 किलोमीटर तो किसी की करीब 1,000 किलोमीटर चलने के बाद खराब हुई। एक ग्राहक ने आरोप लगाया कि हाईवे पर करीब 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही उसकी नई स्कॉर्पियो का स्टीयरिंग लॉक हो गया। कुछ अन्य ग्राहकों ने भी गाड़ियों में मैकेनिकल फॉल्ट और दूसरी तकनीकी समस्याएं आने की बात कही। ग्राहकों का कहना है कि नई गाड़ियों में ऐसी खराबी से उनकी जान को खतरा हो सकता है। उन्होंने शोरूम प्रबंधन के सामने शिकायतें रखीं और समस्याओं का समाधान मांगा। हंगामे की सूचना पर बीटा-2 थाना पुलिस और उच्चाधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने ग्राहकों से बात की। पुलिस के मुताबिक, शिकायतकताओं से बातचीत के बाद ग्राहक शांतिपूर्वक अपने घर चले गए। फिलहाल मौके पर शांति है।

बॉटनिकल गार्डन से सेक्टर-142 तक चलेगी मेट्रो

दिसंबर से शुरू होगा काम, 2 नए रूट के लिए खर्च होंगे 2670 करोड़ रुपए

अमन लेखनी समाचार



नोएडा , ग्रेटर नोएडा में मेट्रो कनेक्टिविटी बढ़ाने की तैयारी तेज हो गई है। दिसंबर से दो नए मेट्रो रूटों पर निर्माण कार्य शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है। दोनों रूटों का निर्माण लार्सन एंड टूब्रो (एलएंडटी) करेगी। इसके लिए कंपनी ने सेगमेंट कास्टिंग यार्ड बनाने के लिए दो जगह चिह्नित की हैं। अगले एक सप्ताह में इनमें से एक जगह फाइनल कर दी जाएगी। दोनों रूट एलिवेटेड होंगे। इनके तैयार होने से करीब पांच लाख यात्रियों को रोजाना फायदा मिलने की उम्मीद है। नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एनएमआरसी) के कार्यकारी निदेशक क्रांति शेखर ने बताया कि दोनों रूटों के निर्माण की जिम्मेदारी एलएंडटी को दी गई है। निर्माण कार्य की निगरानी एनएमआरसी करेगी। दिसंबर से काम शुरू कराने का लक्ष्य है। सेक्टर-51 से ग्रेटर नोएडा वेस्ट रूट पर करना होगा इंतजार नोएडा के सेक्टर-51 से ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर-4 तक मेट्रो विस्तार की प्रक्रिया भी आगे बढ़ रही है। इस रूट को केंद्र सरकार से मंजूरी मिल चुकी है। करीब 15 दिन में एनएमआरसी को सेंक्शन लेटर मिलने की उम्मीद है। इसके बाद निर्माण एजेंसी के चयन के लिए टेंडर जारी किया जाएगा। ऐसे में इस रूट पर निर्माण शुरू होने में अभी समय लगेगा।

बॉटनिकल गार्डन से सेक्टर-142 तक 8 स्टेशन बनेंगे

पहला मेट्रो रूट बॉटनिकल गार्डन से सेक्टर-142 तक बनाया जाएगा। इसकी लंबाई 11.56 किलोमीटर होगी। इस पर 2,254.35 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। रूट पर कुल आठ स्टेशन बनेंगे। इनमें बॉटनिकल गार्डन, सेक्टर-44, नोएडा ऑफिस सेक्टर-94, सेक्टर-97, सेक्टर-105, सेक्टर-108, सेक्टर-93 और पंचशील बालक इंटर कॉलेज शामिल हैं।

जालौन पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल, 55 पुलिसकर्मियों के कार्यक्षेत्र बदले

एसपी सुरेश चंद्र रावत ने कानून व्यवस्था मजबूत करने के लिए किए तबादले, कई थानों के उपनिरीक्षकों को मिली नई तैनाती

अमन लेखनी समाचार

जालौन। जनपद में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा अपराध नियंत्रण को प्रभावी करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सुरेश चंद्र रावत ने पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल किया है। एसपी ने उपनिरीक्षकों, मुख्य आरक्षियों और आरक्षियों सहित कुल 55 पुलिसकर्मियों के स्थानांतरण एवं तैनाती में बदलाव किया है। इस फेरबदल में कई थानों के उपनिरीक्षकों को दूसरे थानों में भेजा गया है, जबकि कुछ पुलिसकर्मियों को पुलिस लाइन से थानों में नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। जारी स्थानांतरण सूची के अनुसार, उपनिरीक्षक राजेश कुमार को मेडिकल चौकी उरई से सम्मन सेल, लायक सिंह को उरई से कालपी, मुन्नालाल पाल को कोटरा से कालपी, ओमप्रकाश को कोटरा से कदौरा तथा सुरेश चंद्र को जालौन से गोहन थाने भेजा गया है। राजेश कुमार वशिष्ठ को जालौन से कुठौंद, निसार अहमद और बेंचे लाल को जालौन से कालपी स्थानांतरित किया गया है। इसके अलावा सुरेश चंद्र को टरननगंज कालपी चौकी से पहाड़गांव चौकी, जगमोहन सिंह को पहाड़गांव से आटा थाना तथा शिवशंकर प्रताप तिवारी को पुलिस लाइन से टरननगंज चौकी की जिम्मेदारी दी गई है। लाल बहादुर को रामपुरा से कदौरा, पीयूष को कदौरा से कैलिया, दयाशंकर और सूरज पाल



सिंह को कालपी से नदीगांव भेजा गया है। रामजी लाल को कालपी से जालौन, जगन्नाथ सिंह को रिट सेल, योगेंद्र प्रताप को कालपी से कोंच, रणविजय सिंह को आटा से माधौगढ़ तथा प्रदीप कुमार को आटा से एट थाने में तैनाती मिली है। बलराम तिवारी को आटा से गोहन, भीष्मपाल सिंह को कोंच से जालौन, रामबिलास यादव को कोंच से कालपी और राजेश सिंह को कोंच से सिरसाकलार भेजा गया है। इसी क्रम में रामलखन यादव को सिरसाकलार से चुर्खी, कन्हई को कुठौंद से माधौगढ़, शरन बाबू, रामवीर सिंह और रजपाल को कैलिया से कालपी स्थानांतरित किया गया है। संतोष सिंह को माधौगढ़ से डकोर, महादेव यादव को माधौगढ़ से आटा, तिलक कुमार यादव को चुर्खी से कालपी तथा शिवशंकर को एट से कदौरा भेजा गया है। मुकेश कुमार द्विवेदी को नदीगांव से न्याय सुरक्षा, समर सिंह को गोहन से चुर्खी, मदनेश कुमार मिश्रा को गोहन से एट तथा नरेंद्र कुमार को रेढ़र से आटा थाने में तैनाती दी गई है। रमाशंकर को रामपुरा से जालौन और शिवश्याम पांडेय को रामपुरा से कोटरा भेजा गया है। पुलिस लाइन से भी कई उपनिरीक्षकों को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। इनमें रन सिंह को एएचटी, रामबहादुर और सुमित कुमार को आटा, संजय कुमार और देवेंद्र सिंह भदौरिया को कोतवाली उरई, ओमवीर पाल को नदीगांव, अशोक कुमार सिंह को कोटरा, पुष्पेंद्र सिंह और अमन दीक्षित को कदौरा, बीरेंद्र सिंह को रामपुरा तथा पाल सिंह को जालौन थाने में तैनाती दी गई है। वहीं चरन सिंह को पुलिस लाइन से कोंच न्याय सुरक्षा में भेजा गया है। मुख्य आरक्षी प्रेम किशोर का माधौगढ़ थाने में किया गया स्थानांतरण निरस्त कर पैरवी सेल में तैनाती दी गई है। मुख्य आरक्षी अभिषेक दीक्षित का जालौन थाने में स्थानांतरण निरस्त कर डकोर में हेड मोहर्रिर बनाया गया है। आरक्षी महेंद्र नाथ पाठक को माधौगढ़ से एट तथा दीपेंद्र मिश्रा का सिरसाकलार में किया गया स्थानांतरण निरस्त कर पेशी कालपी में तैनाती दी गई है।

कालपी समाधान दिवस में दिखी तत्परता, एक घंटे में सुधरवाई खतौनी की त्रुटि, मौके पर बना दिव्यांग प्रमाण पत्र

43 शिकायतें प्राप्त, पांच का मौके पर निस्तारण; डीएम ने अधिकारियों को दिए समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण समाधान के निर्देश

अमन लेखनी समाचार

कालपी (जालौन)। तहसील कालपी के सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी समीर और पुलिस अधीक्षक सुरेश चंद्र रावत ने दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। इस दौरान अधिकारियों की तत्परता से कई शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई हुई। एक फरियादी का मौके पर ही दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाया गया, जबकि दूसरे की खतौनी में नाम की त्रुटि महज एक घंटे में दुरुस्त कर संशोधित खतौनी उपलब्ध कराई गई। समाधान दिवस में कुल 43 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से पांच का मौके पर ही निस्तारण किया गया। मोहल्ला जुनेदपुर निवासी एकतार ने दिव्यांग प्रमाण पत्र न बनने की समस्या जिलाधिकारी के सामने रखी। इस पर डीएम ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को तत्काल निर्देश दिए, जिसके बाद मौके पर ही प्रमाण पत्र बनवाकर शिकायतकर्ता को सौंप दिया गया। इसी तरह राम सजीवन ने खतौनी में नाम गलत दर्ज होने की शिकायत की। उन्होंने बताया कि अभिलेख में उनका नाम राम सजीवन के स्थान पर राम जीवन अंकित है। जिलाधिकारी ने तहसीलदार को तत्काल सुधार के निर्देश दिए। इसके बाद महज एक घंटे के भीतर अभिलेख में नाम की त्रुटि ठीक कर संशोधित खतौनी उपलब्ध करा दी गई। वहीं उदलपुरा निवासी तारा देवी ने बताया कि विद्युत विभाग की ओर से उन्हें पिछले दो वर्षों से बिजली का बिल उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है, जिससे वह समय पर बिल जमा नहीं कर पा रही हैं। इस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता विद्युत को तत्काल बिल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही संबंधित एसडीओ को फटकार लगाते हुए कार्यालय भेजा और बिजली बिल की प्रति शिकायतकर्ता तक पहुंचाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी समीर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शिकायतों का निस्तारण केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि फरियादियों को वास्तविक राहत मिलनी चाहिए। प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी विनय कुमार मौर्य, क्षेत्राधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी एनएच प्रसाद, परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी सहित विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

हादसे के 25वें दिन बुजुर्ग किसान की मौत, अज्ञात वाहन की टक्कर से हुए थे घायल

भतीजी के घर जाते समय कोथावां में हुआ था हादसा, घर पर चल रहा था इलाज

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। सड़क हादसे में घायल बुजुर्ग किसान की 25वें दिन शनिवार सुबह मौत हो गई। बेनीगंज कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। कछौना कोतवाली क्षेत्र के खतीरपुर निवासी 59 वर्षीय दूबर खेतीबाड़ी करते थे। 27 अक्टूबर को वह कोतवाली देहात क्षेत्र के साहुलपुर गांव निवासी अपनी भतीजी प्रतिमा के घर जाने के लिए निकले थे। कोथावां पहुंचने के बाद साहुलपुर जाने के लिए सड़क किनारे वाहन का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने उन्हें सीएचसी कोथावां के बाद मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, जहां से हालत गंभीर होने पर लखनऊ रेफर कर दिया गया। लखनऊ में उपचार के बाद हालत में कुछ सुधार होने पर पांच दिन पहले परिजन उन्हें घर ले आए थे। घर पर ही उनका उपचार चल रहा था। शनिवार सुबह उन्होंने दम तोड़ दिया। उनकी मौत से परिवार में शोक छा गया।

हरदोई पहुंचीं नवनिर्वाचित सपा एमएलसी कांति सिंह, बोलीं- शिक्षकों और युवाओं के हक की लड़ाई सदन में लड़ूंगी

बंद स्कूलों, टीईटी पास युवाओं की भर्ती और पुरानी पेंशन बहाली का मुद्दा उठाने का ऐलान

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। लखनऊ स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से नवनिर्वाचित समाजवादी पार्टी की एमएलसी कांति सिंह का प्रथम बार हरदोई आगमन पर पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। उन्होंने अपनी जीत का श्रेय पार्टी कार्यकर्ताओं, शिक्षकों और युवाओं को देते हुए कहा कि हरदोई के लोगों की समस्याओं को सड़क से सदन तक उठाया जाएगा। कांति सिंह ने कहा कि सदन में बंद स्कूलों को खुलवाने, टीईटी पास युवाओं की भर्ती, पुरानी पेंशन बहाली, शिक्षामित्रों को समान मानदेय और वित्तविहीन शिक्षकों के अधिकारों का मुद्दा प्रमुखता से उठाया जाएगा। युवाओं को उनकी योग्यता के अनुसार रोजगार दिलाना उनकी प्राथमिकता होगी। गोरखपुर में पीडीए रथ यात्रा के दौरान बच्चे की मौत के मामले पर उन्होंने दुख जताया। साथ ही सपा कार्यकर्ताओं पर दर्ज एफआईआर को गलत बताते हुए निष्पक्ष जांच और वास्तविक दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

मारपीट का मुकदमा दर्ज

माधौगंज हरदोई।। थाना क्षेत्र के काल्हामऊ गांव निवासी पूर्णदेव त्रिपाठी पुत्र रमेश चंद्र ने पुलिस को तहरीर देकर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। तहरीर के अनुसार 11 नवंबर को शाम लगभग तीन बजे वह अपने घर पर मौजूद थे। इसी दौरान पत्नी के मायके न जाने को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि इसके बाद ससुर उमेश चंद्र, सास अनीता, साले वैभव और धर्मवीर घर पहुंच गए और गाली-गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट की। साथ ही जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पीड़ित की तहरीर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

चुर्खी थाना क्षेत्र में देर रात भीषण सड़क हादसा, बाइक सवार दो लोग घायल

जालौन। जनपद के चुर्खी थाना क्षेत्र में देर रात बड़ा सड़क हादसा हो गया। हादसे में बाइक सवार दो व्यक्ति घायल हो गए। दोनों को चोटें आने के बाद उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां एक घायल की हालत गंभीर बताई जा रही है।

22 नवंबर को जालौन में चलेगा पल्स पोलियो महाअभियान, 2.16 लाख बच्चों को पिलाई जाएगी दो बूंद जिंदगी की

विधायक गौरीशंकर वर्मा और जिलाधिकारी समीर ने जागरूकता रैली को दिखाई हरी झंडी, 1,188 बूथों पर होगी पोलियो खुराक पिलाने की व्यवस्था

अमन लेखनी समाचार



जालौन। राष्ट्रीय पल्स पोलियो महाअभियान को सफल बनाने और पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से जिला पुरुष चिकित्सालय उरई से भव्य जनजागरूकता रैली निकाली गई। विधायक सदर गौरीशंकर वर्मा, जिलाधिकारी समीर, पुलिस अधीक्षक सुरेश चंद्र रावत एवं मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली के माध्यम से आमजन को जागरूक करते हुए 22 नवंबर को आयोजित होने वाले बूथ दिवस पर शून्य से पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की दो बूंद अवश्य पिलाने की अपील की गई। रैली जिला पुरुष चिकित्सालय से शुरू होकर शहीद भगत सिंह चौराहे से होते हुए पुनः जिला पुरुष चिकित्सालय पहुंचकर संपन्न हुई। इसमें स्कूली बच्चों, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, सहायिकाओं, आशा कार्यकत्रियों तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान विधायक गौरीशंकर वर्मा ने कहा कि बच्चों को पोलियो से सुरक्षित रखना प्रत्येक अभिभावक की जिम्मेदारी है। सभी लोग अपने पांच वर्ष तक के बच्चों को नजदीकी पोलियो बूथ पर ले जाकर खुराक अवश्य पिलाएं और आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें। जिलाधिकारी समीर ने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि 22 नवंबर को बूथ दिवस पर कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक पीने से वंचित न रहने पाए। इसके लिए अभिभावक अपने बच्चों के साथ पड़ोस और आसपास के बच्चों को भी बूथ तक पहुंचाने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि बच्चों का सुरक्षित भविष्य हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. उमेश कुमार ने समाजसेवियों और धर्मगुरुओं से अभियान में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा और चर्च सहित सभी धार्मिक स्थलों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाए, जिससे शत-प्रतिशत बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जा सके। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार जनपद में महाअभियान के तहत 1,188 पोलियो बूथ और 590 टीमों के माध्यम से शून्य से पांच वर्ष तक के कुल 2,16,833 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

अभियान को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने व्यापक तैयारियां की हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरिनंदन प्रसाद ने रैली में शामिल अधिकारियों, कर्मचारियों, चिकित्सकों, स्टाफ नर्स, एएनएम, आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, स्कूली बच्चों और सहयोगी विभागों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. वीरेंद्र सिंह, डॉ. एपी वर्मा, डॉ. अरविंद भूषण, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. उमेश कुमार, जिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अनिल राज, जिला महिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एसके पाल सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

जालौन में कल शाम बजेगा हवाई हमले का सायरन, होगी ब्लैकआउट मॉक ड्रिल

22 नवंबर को पुलिस लाइन में होगा अभ्यास, निर्धारित समय तक बंद रहेगी बिजली; प्रशासन ने लोगों से लिफ्ट का प्रयोग न करने और घबराने से बचने की अपील की

अमन लेखनी समाचार

जालौन। जनपद में हवाई हमले और ब्लैकआउट जैसी आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की तैयारियों को परखने के लिए 22 नवंबर को मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी। शाम छह बजे होने वाले इस अभ्यास के दौरान हवाई हमले की चेतावनी के लिए सायरन बजाया जाएगा और निर्धारित प्रक्रिया के तहत संबंधित क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति अस्थायी रूप से बंद की जाएगी। मॉक ड्रिल की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी समीर ने कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ अपनी जिम्मेदारियों का गंभीरता और तत्परता से निर्वहन करने के निर्देश दिए। जनपद स्तर पर यह अभ्यास पुलिस लाइन में आयोजित किया जाएगा। अभ्यास के दौरान नागरिक



सुरक्षा स्वयंसेवकों द्वारा राहत एवं बचाव कार्य, प्राथमिक उपचार, आग बुझाने और प्रभावित लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने का प्रदर्शन किया जाएगा। वहीं पुलिस विभाग सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था संभालने, अग्निशमन विभाग आग बुझाने और स्वास्थ्य विभाग घायलों को प्राथमिक उपचार देकर अस्पताल पहुंचाने की प्रक्रिया का अभ्यास करेगा। जिलाधिकारी ने आमजन से अपील की है कि मॉक ड्रिल के दौरान सायरन बजने और बिजली आपूर्ति बंद होने पर घबराएं नहीं। यह पूरी प्रक्रिया पूर्व निर्धारित अभ्यास का हिस्सा है। विद्युत आपूर्ति बंद रहने की अवधि में लिफ्ट का बिल्कुल प्रयोग न करें और प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें। उन्होंने कहा कि इस तरह के अभ्यास आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित कार्रवाई, विभागों के बीच बेहतर तालमेल और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक ईशान सोनी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक शत्रुहन पाठक, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

चना-मटर की फसल पर इल्ली और बालदार सुंडी का खतरा, कृषि रक्षा विभाग ने किसानों को दी बचाव की सलाह

फसल में पांच प्रतिशत से अधिक पौधों पर प्रकोप मिलने पर करें उपचार, जैविक और रासायनिक नियंत्रण के बताए उपाय

अमन लेखनी समाचार

जालौन। मौसम में बदलाव के चलते रबी की दलहनी फसलों में कीट एवं रोगों का प्रकोप बढ़ने की आशंका को देखते हुए कृषि रक्षा विभाग ने किसानों को सतर्क रहने की सलाह दी है। जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने बताया कि जनपद में चना और मटर की फसलों के सर्वेक्षण के दौरान इल्ली एवं बालदार सुंडी का प्रकोप देखा गया है। ये कीट फसलों की पत्तियों और फलियों को तेजी से खाकर नुकसान पहुंचाते हैं, जिससे उत्पादन प्रभावित हो सकता है। उन्होंने बताया कि यदि पांच प्रतिशत से अधिक पौधों पर कीटों का प्रकोप दिखाई दे तो किसान तत्काल नियंत्रण के उपाय अपनाएं। इल्ली के जैविक नियंत्रण के लिए एचएएनपीवी (लंठढश) 250 एलई प्रति हेक्टेयर की दर से 250 से 300 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करने की सलाह दी गई है। फलीवेधक एवं सेमीलूपर कीट के नियंत्रण के लिए विभाग ने किसानों को निर्धारित विकल्पों में से किसी एक कीटनाशक का प्रयोग करने की जानकारी दी है। इनमें क्लोरपाइरीफास 20 प्रतिशत ईसी 2.50 लीटर प्रति हेक्टेयर, इमामेक्टिन बेंजोएट 5 प्रतिशत एसजी 250 ग्राम प्रति हेक्टेयर, मैलाथियान 50 प्रतिशत ईसी 2 लीटर प्रति हेक्टेयर, क्लोरपाइरीफास 50 प्रतिशत ईसी एवं साइपरमेथ्रिन का मिश्रण 1.50 लीटर प्रति हेक्टेयर अथवा इण्डोक्साकार्ब 10 प्रतिशत एससी 400 से 500 मिलीलीटर प्रति हेक्टेयर शामिल हैं।

यांत्रिक और प्राकृतिक उपाय भी अपनाएं किसान

कृषि रक्षा अधिकारी ने बताया कि कीटों के नियंत्रण के लिए रासायनिक उपायों के साथ यांत्रिक एवं प्राकृतिक तरीके भी प्रभावी हो सकते हैं। मादा कीट पत्तियों की निचली सतह पर समूह में अंडे देती है। अंडों से निकलने वाली छोटी सुंडियां शुरूआती दिनों में एक ही पत्ती पर रहकर उसका हरा भाग खुरचकर खाती हैं, जिससे पत्तियां जालीदार दिखाई देने लगती हैं। ऐसी पत्तियों को सुंडियों सहित तोड़कर मिट्टी में दबा दें या केरोसिन मिले पानी में डालकर नष्ट करें। वयस्क पतंगों को आकर्षित कर नष्ट करने के लिए खेत में प्रति हेक्टेयर एक से दो प्रकाश प्रपंच (लाइट ट्रैप) लगाने की सलाह दी गई है। इसके अलावा यदि सुंडियां आसपास के खेतों से आ रही हों तो खेत के चारों ओर एक फीट गहरी और एक फीट चौड़ी खाई खोदने का सुझाव दिया गया है। विभागीय निदेशानुसार खाई में उपयुक्त कीटनाशक धूल का प्रयोग किया जा सकता है। प्राकृतिक नियंत्रण के लिए खेतों में प्रति एकड़ 10 से 15 टी आकार की लकड़ियां लगाने की सलाह दी गई है। इन पर बैठकर पक्षी सुंडियों को खाते हैं, जिससे कीटों की संख्या प्राकृतिक रूप से कम होती है।

व्हाट्सएप पर मिलेगी निःशुल्क सलाह

जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने किसानों से अपील की है कि वे अपनी फसलों की नियमित निगरानी करें और कीटों का प्रकोप दिखाई देने पर समय रहते नियंत्रण के उपाय अपनाएं। कीट एवं रोग संबंधी समस्या का समाधान पाने के लिए किसान विभाग के व्हाट्सएप नंबर 9452247111 और 9452257111 पर अपनी समस्या भेज सकते हैं। विभाग की ओर से किसानों को निःशुल्क समाधान उपलब्ध कराया जाएगा।

समाधान दिवस में कमिश्नर ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं

अमन लेखनी समाचार

गरौठा (झांसी)। शनिवार को तहसील परिसर में आयोजित संपूर्ण तहसील समाधान दिवस में मंडलायुक्त कृष्ण कुमार ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। तहसील पहुंचने पर पुलिस बल द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद मंडलायुक्त ने समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए फरियादियों की शिकायतें सुनीं और उनके शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया। समाधान दिवस में कुल 85 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इनमें राजस्व विभाग के 45, पुलिस के 12, विद्युत के 8, नगर पंचायत के 4, आपूर्ति विभाग के 4 तथा अन्य विभागों के 12 मामले शामिल रहे। इनमें से 4



शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को सौंपते हुए जल्द निस्तारण के निर्देश दिए गए। इस मौके पर एडीएम अरुण कुमार गोंड, उपजिलाधिकारी सुनील कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी पीयूष कुमार पांडेय, तहसीलदार अमृतलाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

एक बार फिर हाथी के हमले ने ली जान, आखिर कब थमेगा मौत का यह सिलसिला?

दो ट्रैक्टरों के बीच फंसी बोलेरो, दूल्हे के मौसा की मौत, दो बेटे समेत तीन घायल

बिलग्राम तहसील के सामने हुआ हादसा, दोनों ट्रैक्टर पुलिस के कब्जे में; साजिश की आशंका से भी इनकार नहीं

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। साढ़ू के बेटे की शादी में शामिल होने जा रहे बोलेरो सवार 52 वर्षीय राजेंद्र की दो ट्रैक्टरों की टक्कर में मौत हो गई, जबकि उनके दो बेटे और एक रिश्तेदार गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा शुक्रवार देर शाम बिलग्राम तहसील के सामने हुआ। बिलग्राम कोतवाली क्षेत्र के बलेंदा गांव निवासी राजेंद्र अपने बड़े बेटे पुष्पेंद्र (28), छोटे बेटे आशीष (15) और रिश्तेदार रिकंज (16) के साथ बोलेरो से पुसेड़ा गांव में शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। बिलग्राम तहसील के सामने पहुंचते ही अगल-बगल से आए दो ट्रैक्टरों ने उनकी बोलेरो में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बोलेरो सवार सभी लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से घायलों को सीएचसी बिलग्राम ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने राजेंद्र को मृत घोषित कर दिया। हादसे को लेकर साजिश की आशंका भी जताई जा रही है। पुलिस ने दोनों ट्रैक्टरों को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

बालाजी मंदिर में खूनी हुआ हाथी, महंत के बड़े भाई को पटककर कुचला, दर्दनाक मौत

पहले भी कई लोगों की जान ले चुका है हाथी, घटना के बाद इलाके में मचा हड़कंप

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। बालाजी मंदिर परिसर में शनिवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब मंदिर के हाथी ने अपने ही मालिक पर हमला कर उन्हें मौत के घाट उतार दिया। हाथी के हमले में महंत के बड़े भाई राम सिंह उर्फ कल्लू (करीब 50 वर्ष) की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, राम सिंह उर्फ कल्लू पुत्र भगवान बक्स सिंह शनिवार दोपहर करीब तीन बजे हाथी के पास मौजूद थे। इसी दौरान अचानक हाथी न जाने किस बात पर आक्रामक हो गया। इससे पहले कि राम सिंह कुछ समझ पाते, हाथी ने उन्हें अपनी सूंड से उठाकर जमीन पर पटक दिया। इसके बाद हाथी ने उन्हें पैरों से कुचल दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद परिजन आनन-फानन में उन्हें उपचार के लिए ट्रामा सेंटर लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। बताया जा रहा है कि यह हाथी पहले भी कई लोगों पर जानलेवा हमला कर उनकी जान ले चुका है। इसके बावजूद हाथी के दोबारा हमलावर होने की घटना ने उसकी सुरक्षा और नियंत्रण को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। घटना के बाद मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक – श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews @gmail.com



अल पचीनो की फिल्म प्रोड्यूस करेंगे भारतीय फिल्ममेकर

नई दिल्ली। मशहूर भारतीय फिल्म मेकर विनोद भानुशाली की कंपनी भानुशाली स्टूडियोज लिमिटेड अब इंटरनेशनल फिल्मों की दुनिया में कदम रखने जा रही है। कंपनी अपनी पहली विदेशी फिल्म कैप्टिवेटेड लेकर आ रही है। इस फिल्म में हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता अल पचीनो (द गॉडफादर, स्कारफेस), इस्ला फिशर (वेडिंग क्रैशर्स, नाउ यू सी मी) और ब्लेक रिटसन (द गिल्डेड एज) नजर आएंगे। अल पचीनो अकादमी पुरस्कार जीत चुके हैं। फिल्म का निर्देशन डिटो मॉन्टियल ने किया है, जो अ गाइड टू रिकग्नाइजिंग योर सेंट्स और फाइटिंग जैसी फिल्मों का निर्देशन कर चुके हैं।



लाइफ Style

समीरा

एकतरफा नजरिया नहीं हो सकता

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

समीरा ने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा, 'नई मां के ऊपर काफी प्रेशर होता है, उन्हें ब्रेस्टफीडिंग कराना होता है, हार्मोनल बदलाव के साथ काम करना आसान नहीं होता है। अगर प्रोड्यूसर एक्टर के साथ एडजस्ट कर ले...ये दोनों तरफ से समझने वाली बात है। अगर प्रोड्यूसर के नजरिए से देखें तो सेट पर हर रोज भारी खर्चा होता है और काम में देरी होने से भारी नुकसान हो सकता है।' समीरा ने कहा कि दोनों तरफ की स्थिति को समझना चाहिए। एक्ट्रेस ने कहा कि वो दीपिका के विचार पर सीधे तौर पर कमेंट नहीं कर सकती हैं, लेकिन वो समझती हैं कि दीपिका एक शानदार एक्टर हैं और अगर उन्हें किसी चीज की जरूरत है तो है, लेकिन इस मामले में आप एकतरफा नजरिया नहीं रख सकते हैं। समीरा रेड्डी से फिर पूछा गया कि उन्होंने साउथ और बॉलीवुड, दोनों इंडस्ट्री में काम किया है। उनका अनुभव कैसा रहा है? इस बारे में बात करते हुए समीरा ने कहा, 'सच कहूं तो, साउथ इंडियन सिनेमा में मेरा अनुभव शानदार रहा। मैंने चिरंजीवी, जूनियर एनटीआर और मोहनलाल जैसे टॉप स्टार्स के साथ काम किया, और मेरा अनुभव शानदार रहा। हर किसी की जर्नी अलग होती है, लेकिन मेरे लिए, साउथ की फिल्मों का अनुभव बॉलीवुड के अनुभव से कहीं बेहतर था।

समीरा रेड्डी ने न्यू मॉम्स के लिए दबाव के घंटों को तोड़कर जश्न रही कल पर भी अपनी राय रखते रहीं। उन्होंने कहा, 'जब मैंने मातृत्व की जिम्मेदारी के लिए खुद को तैयार किया, जैसे तनाव शुरू किया और लंबे घंटों या एकदम तैयार से भी मुझे हैरान नहीं हुई, क्योंकि मैं आने वाले बदलावों के लिए खुद को आधे से पूरा करना चाहती थी। इसलिए इसीलिए, क्योंकि मैं सुनाई से नहीं रहती। जब भी जरूरत पड़ी तैंने दखल दिया भी की है।'

हॉलीवुड मसाला



रॉबर्ट ने वसूली मोटी रकम

नई दिल्ली। 26वीं जेम्स बॉन्ड फिल्म आ रही है और इस बार यह 007 एजेंट के तौर पर मशहूर हॉलीवुड एक्टर रॉबर्ट पैटिंसन नजर आएंगे। यह सातवें जेम्स बॉन्ड हैं जो इस फ्रेंचाइजी की फिल्मों का हिस्सा बने हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, एक्टर को सिर्फ ऑडिशन देने के लिए ही 1 मिलियन डॉलर (लगभग 8.8 करोड़ रुपए) की फीस दी गई है। कहा जा रहा है कि उन्होंने तीन फिल्मों की डील साइन की है, जिसके लिए उन्हें इतनी मोटी रकम मिल रही है।



'बॉन्ड गर्ल' की सूची में अमांडा शामिल नहीं

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड अभिनेता रॉबर्ट पैटिंसन अब पर्दे पर जेम्स बॉन्ड की भूमिका अदा करेंगे। वैसे दिनों उनके नाम का आधिकारिक ऐलान किया गया। तमाम लोगों ने इस फैसले का स्वागत किया। जेम्स बॉन्ड के लिए एक्टर का नाम फाइनल होने के बाद से ही बॉन्ड वाले तरह तरह अटकलें लगा रहे हैं। इसी बीच वैराइटी ने एक लिस्ट जारी की, जिसमें उन एक्ट्रेस के नाम शामिल हैं, जिन्हें बॉन्ड वाली बताया जा सकता है। इसमें अमांडा सेफ्राइड का नाम नहीं है। इस पर अभिनेत्री ने चुटकी ली है। उन्होंने इस पर कमेंट कर पूछा, 'क्या मैं उतावला बूढ़ी हो गई हूं?' उनकी इस टिप्पणी से सोशियल का ध्यान खींचा है और अब आ को लेकर एक बहस शुरू हो गई है। बता दें कि जेम्स बॉन्ड की भूमिका निभाने के लिए चुने गए रॉबर्ट पैटिंसन की उम्र 40 वर्ष है। अमांडा सेफ्राइड भी 40 वर्ष की हैं।



वज्र में विलेन की भूमिका निभाएंगे मोहित

मुंबई। फिल्म 'वज्र' से जुड़ी एक नई जानकारी सामने आई है। टाइगर की आने वाली इस फिल्म में 'मिर्जापुर द मूवी' के एक्टर की एंट्री हो गई है, जो विलेन के किरदार में नजर आएंगे। फिल्म 'मिर्जापुर द मूवी' में बिरजू लोहार का किरदार निभाने वाले अभिनेता मोहित मलिक भी टाइगर श्रॉफ की फिल्म 'वज्र' का हिस्सा बन गए हैं। खास बात यह है कि वह फिल्म में टाइगर श्रॉफ के खिलाफ विलेन की भूमिका निभाते नजर आएंगे। मोहित मलिक और टाइगर श्रॉफ पहली बार किसी फिल्म में साथ काम करने जा रहे हैं। फिल्म में मोहित के किरदार को लेकर अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन बताया जा रहा है कि उनकी भूमिका कहानी के लिहाज से काफी अहम होगी। फिल्म की शूटिंग जापान में भी किए जाने की उम्मीद है। मोहित मलिक इससे पहले अपने चर्चित किरदार बिरजू लोहार को लेकर सुर्खियों में रहे थे।



मां बनीं सामंथा, बेटे को दिया जन्म

मुंबई। अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु मां बन गई हैं। उन्होंने बेटे को जन्म दिया है। अभिनेत्री ने खुशखबरी साझा करते हुए बेटे की पहली झलक दिखाई है। हालांकि, उन्होंने बेबी बॉय का चेहरा रिवील नहीं किया है। कपल ने अपने बेटे का नाम देव निदिमोरु रखा है। सामंथा के इंस्टाग्राम अकाउंट से आज शुक्रवार को एक पोस्ट शेयर किया गया है। इसमें बेटे के जन्म की खुशखबरी शेयर की गई है। राज और सामंथा के घर नन्हे मेहमान का जन्म 19 नवंबर 2026 को हुआ। पोस्ट के साथ कैप्शन लिखा है, 'हमारा खूबसूरत बेबी बॉय। देव निदिमोरु। 19 नवंबर 2026, यह हमारी जिंदगी का अब तक का सबसे खूबसूरत पल है'। सामंथा रुथ ने 18 नवंबर को अपने बेबी शावर की झलकियां सोशल मीडिया पर शेयर की थीं। शुक्रवार को उन्होंने मां बनने की गुड न्यूज शेयर की है।

टीवी मसाला



'रामायण' के जरिए दिखेगी एशिया की सांस्कृतिक विरासत

नई दिल्ली। एक ओर जहां बड़े पर्दे पर रामायण इतिहास रच रही है, वहीं टीवी पर भी इससे जुड़ा एक शो शुरू हो रहा है। राजनेता और लेखक शशि थरूर अब राजनीति और साहित्य के साथ-साथ टेलीविजन की दुनिया में भी नई पारी शुरू करने जा रहे हैं। वह जल्द ही डिस्कवरी की आगामी डॉक्यूमेंट्री सीरीज 'इतिहासः रामायण बियॉन्ड बॉर्डर्स' में होस्ट की भूमिका निभाते नजर आएंगे। इस चार एपिसोड की सीरीज के जरिए दर्शकों को रामायण की उस ऐतिहासिक और सांस्कृतिक यात्रा से रूबरू कराया जाएगा, जो भारत से निकलकर एशिया के कई देशों तक पहुंची। खास बात यह है कि इसमें रामायण के विभिन्न रूपों और अलग-अलग देशों में इससे जुड़ी मान्यताओं को करीब से समझने का मौका मिलेगा। सीरीज का प्रीमियर 7 दिसंबर 2026 को रात 9 बजे डिस्कवरी और डिस्कवरी प्लस पर होगा। 'इतिहासः रामायण बियॉन्ड बॉर्डर्स' सिर्फ रामायण की कहानी को दोहराने वाली डॉक्यूमेंट्री नहीं होगी, बल्कि यह बताएगी कि किस तरह सदियों के दौरान इस महाकाव्य ने अलग-अलग देशों की संस्कृति, कला, परंपराओं और लोककथाओं में अपनी जगह बनाई।

लव ने साड़ी पहनकर दिखाई अदाएं

नई दिल्ली। 'बिग बॉस 20' के वूं तो सभी कंटेस्टेंट इन दिनों सुर्खियों में हैं, लेकिन काजी तौकीर आए दिन किसी न किसी कारण चर्चा में बने ही रहते हैं और वो भी बिना किसी बड़े बवाल के। हाल ही में मेकर्स ने शो का एक नया प्रोमो जारी किया है, जिसमें लव गिल के साथ उनके मजेदार पल देखने को मिल रहे हैं। प्रोमो में कुछ कंटेस्टेंट गार्डन एरिया में बैठे दिखाई दे रहे हैं। काजी तौकीर, अरिफ्फा खान के साथ बैठे होते हैं और लव गिल उनके सामने पूल के किनारे बैठी नजर आ रही हैं। लव को देखकर काजी कहते हैं, 'लव पता है अभी कैसे बैठी है, नदी किनारे बैठते है ना? शिकारा का फील आ गया।' इसके बाद काजी तौकीर सुपरस्टार सलमान खान की फिल्म 'तेरे नाम' का हिट सॉन्ग 'क्योंकि किसी को वफा के बदले वफा नहीं मिलती' कहते हुए जमीन पर लेट जाते हैं।



दर्शील को मिली नई फिल्म जैन के साथ आएंगे नजर

मुंबई। अभिनेता दर्शील सफारी और जैन खान दुर्रानी हिंदी साइबर क्राइम थ्रिलर 'साइबर' में एक साथ नजर आएंगे। दर्शील सफारी को आमिर खान की फिल्म 'तारे जमीं पर' में एक बाल कलाकार के तौर पर मिली पहचान से जाना जाता है। वहीं जैन खान दुर्रानी 'शिकारा' और 'मुखबिर' जैसी फिल्मों में काम कर चुके हैं। आलोक नाइक के निर्देशन में बन रही फिल्म दो बेरोजगार कंप्यूटर इंजीनियरिंग ग्रेजुएट्स की कहानी है। उनकी जिंदगी तब एक नया मोड़ लेती है, जब उन्हें एक साइबर एजेंसी के साथ काम करने का मौका मिलता है। इस कहानी में क्राइम इन्वेस्टिगेशन के साथ-साथ



उन युवाओं के निजी संघर्षों को भी दिखाया गया है, जो अपनी पहचान बनाने की कोशिश कर रहे हैं। जैसे-जैसे वे साइबर इन्वेस्टिगेशन में शामिल होते हैं, उन्हें ऐसी स्थितियों का सामना करना पड़ता है जो उनके कौशल और समझ की परीक्षा लेती है। यह फिल्म उन युवा ग्रेजुएट्स के दबाव को भी दर्शाती है, जो अपनी योग्यता के बावजूद काम पाने के लिए संघर्ष करते हैं। अवॉर्ड विजेता संगीतकार गोपी सुंदर सीएस ने 'साइबर' के लिए संगीत तैयार किया है। वे मलयालम, तेलुगु और तमिल सिनेमा में अपने काम के लिए जाने जाते हैं। मलयालम सिनेमा में उनके कुछ लोकप्रिय कामों में दुलकर सलमान की कॉमरेड इन अमेरिका, ममूटी की द ग्रेट फादर, बिग बी, सागर उर्फ जैकी रीलोडेड, पुलिमुरुगन और कई अन्य फिल्में शामिल हैं। उनका अधिकांश सहयोग मलयालम निर्देशक अमल नीरद के साथ था।

धनुष-ममूटी की फिल्म में दिखा 'धुरंधर' वाला स्वैग

नई दिल्ली। एक्टर धनुष, ममूटी और साई पल्लवी स्टारर ओमः ऑपरेशन मोल 20 नवंबर को थिएटर में रिलीज हो गई है। राजकुमार पेरियासामी के डायरेक्शन में बनी फिल्म 'ओम' एक सीक्रेट ऑपरेशन और लाल चंदन की स्मगलिंग नेटवर्क के बारे में है, जिसमें एक्शन, जासूसी, ड्रामा और इमोशनल कहानी का मिक्सचर है। फिल्म का पहला हाफ दर्शकों का ध्यान खींचने में कामयाब रहा है। कई लोग डायरेक्टर के इंटरवल तक कहानी को बनाने के तरीके की भी तारीफ कर रहे हैं। इमोशनल इंटरवल ब्लॉक, एक्शन सीक्वेंस और फिल्म की कहानी कुछ खास बातें बनकर उभरी हैं। नेशनल अवॉर्ड जीतने वाले एक्टर धनुष को उनकी जबरदस्त परफॉर्मेंस और एनर्जेटिक स्क्रीन प्रेजेंस के लिए तारीफ मिली है, जबकि एक और स्टार ममूटी की कमांडिंग प्रेजेंस को भी सराहा गया है। एक्ट्रेस साई पल्लवी, जो एक पुलिस ऑफिसर का रोल कर रही हैं, उन्हें फिल्म का सबसे अच्छा परफॉर्मर कहा जा रहा है। कई दर्शकों ने



उनके स्क्रीन प्रेजेंस और एक्सप्रेशन की तारीफ की है। उन्होंने हाल ही में नितेश तिवारी की एपिक रामायण से बॉलीवुड में डेब्यू भी किया, जो बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ रही है। कई लोगों ने सिक्वेंस-शॉट सीक्वेंस, लाल चंदन की तस्करी वाले हिस्से और इंटरवल से पहले के हिस्से को भी फिल्म के खास पलों के तौर पर बताया। फिल्म का स्वैग धुरंधर जैसा बताया गया है। ओमः ऑपरेशन मोल एक एक्शन थ्रिलर है जिसे राजकुमार पेरियासामी ने लिखा और डायरेक्ट किया है।

नए जेम्स बॉन्ड पैटिनसन के साथ हीरोइन का इंतजार

'बॉन्ड गर्ल्स' का जलवा, 64 साल में इन हीरोइनों ने जीता दिल

नई दिल्ली। जब से ये खबर सामने आई है कि रॉबर्ट पैटिनसन नए एमआई6 एजेंसी के नए जेम्स बॉन्ड होंगे, तब से फैंस की उत्सुकता सातवें आसमान पर पहुंच गई है। अब बस हर कोई ये देखना चाहता है कि दमदार अभिनेता 007 के ऑफिशियल किरदार के साथ न्याय कर पाते हैं या नहीं। लोगों को उनके नए जेम्स बॉन्ड तो मिल गए, लेकिन अब हर किसी को इंतजार है तो रॉबर्ट पैटिनसन के अपोजिट उनकी हीरोइन का, जो फ्रेंचाइजी में उनके अपोजिट नजर आएंगी। हालांकि, नई बॉन्ड गर्ल कौन बनेगी, इस पर से तो वक्त आने पर पर्दा उठेगा, लेकिन पहले चलिए जानते हैं कि अब तक कौन-कौन सी एक्ट्रेसेस पिछले 64 सालों में जेम्स बॉन्ड फ्रेंचाइजी फिल्म का हिस्सा रही हैं।

उर्सुला एंड्रेस

साल 1962 में रिलीज हुई पहली जेम्स बॉन्ड फिल्म डॉ नो (Dr No) में होनी कोवनी के अपोजिट अभिनेत्री उर्सुला एंड्रेस ने काम किया था। फूमें उनका 'हनी राइडर' का किरदार था। इस भूमिका के लिए उन्हें प्रतिष्ठित गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड से भी सम्मानित किया गया था।



ऑनर ब्लैकमैन

होनी कोवनी के साथ रिलेट उर्सुला एंड्रेस की जोड़ी ही वहीं जमी, वहीं साल 1964 में रिलीज हुई फिल्म गोल्डफिंगर में ऑनर ब्लैकमैन ने 'पुसी गैलोरे' का किरदार निभाया था। वह जेम्स बॉन्ड फूमें में मिले प्लैनर वाले सीन में नजर नहीं आई थीं, बल्कि एक ऐसी खतरनाक गायलट बनी थीं, जिनका बॉन्ड के मिशन में एक अहम योगदान था।



फैमके जानसेन

साल 1965 में रिलीज हॉलसेन की पहली बॉन्ड फिल्म 'थंडरबॉल' में फैमके जानसेन ने 'डेनिस ओनाटॉप' की भूमिका निभाई थी। वह इस पूरी फ्रेंचाइजी में जेम्स बॉन्ड की सबसे खतरनाक दुश्मन बनी थीं।

बारबरा बाख

हॉलीवुड एक्ट्रेस बारबरा बाख ने जेम्स बॉन्ड की साल 1977 में रिलीज हुई फिल्म 'द जाय हू लव्ड मी' में काम कर सुर्खी में थीं। फिल्म में उन्होंने सोवियत खुफिया एजेंट 'एजेंट' अन्या अमासोवा की भूमिका अदा की थी। एक्शन सीन में वह जेम्स बॉन्ड को कड़ी टक्कर देती नजर आ रही थीं।



मिशेल योह

ऑस्कर विजेता अभिनेत्री मिशेल योह ने साल 1997 में आई सुपरहिट बॉन्ड फिल्म 'टुमॉरो नेवर डाइज' में काम किया था। जिसमें वह चीनी जासूस वाई लिन बनी थीं। पियर्स ब्रोसनन के अपोजिट काम कर चुकी एक्ट्रेस ने एक स्ट्रॉन्ग बॉन्ड गर्ल के रूप में खुद को प्रेजेंट करते हुए खुद ही अपने एक्शन सीक्वेंस किए थे।